संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -65 शुक्रवार,05 जनवरी 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### जितेंद्र आव्हाड को गंजा करके मुंह काला करने वाले को मिलेंगे 1 लाख रूपये



**भोपाल,04 जनवरी 2023(ए)।** संस्कृति बचाओ मंच के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने एनसीपी नेता जितेंद्र आव्हाड को गंजा करके मुंह काला करने वाले को 1,00,000 रुपये सम्मान राशि देगा।

चंद्रशेखर तिवारी ने कहा की जितेंद्र आव्हाड जैसे धूर्त नेता भगवान राम के बारे में कुछ भी नहीं जानते वह सिर्फ अपनी पब्लिसिटी के लिए इस प्रकार के अनर्गल बयान देते हैं 500 वर्षों के इंतजार के बाद भगवान राम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही जिससे कि उनके जैसे लोगों के पेट में दर्द हो रहा है, मरोड़ उठ रही है,संस्कृति बचाओ मंच सनातन धर्म का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि अगर वह मध्य प्रदेश या भोपाल में आएंगे तो उनका मुंह हम स्वयं काला करेंगे,किंतु अगर कोई उनको गंजा करके उसका मुंह काला करके आता है तो उसे ₹100000 की राशि सम्मान के रूप में प्रदान की जाएगी।

### पवन खेड़ा की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज



**नई दिल्ली ,04 जनवरी 2024 (ए)।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट ने झटका देते हुए वो याचिका खारिज कर दी जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद्द करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के इनकार को चुनौती दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को मुकदमे का सामना करना पड़ेगा।

दरअसल, कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरा नाम बोलते हुए उनके पिता का गलत नाम बोल दिया था। हालांकि,उन्होंने गलती सुधारी भी, मगर बाद में फिर से गलत नाम लिया और तंज कस दिया था।

### कोर्ट ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह को माफी मांगने कहा

**मुंबई,04 जनवरी 2024 (ए)।** ठाणे की एक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह को हस्ताक्षर के



साथ लिखित माफी मांगने का निर्देश दिया है। कारण, उन पर पूर्व आरएसएस प्रमुख गोलवलकर गुरुजी के खिलाफ एक्स पर एक कथित अपमानजनक पोस्ट अपलोड करने का आरोप है। दरअसल, आरएसएस के स्वयंसेवक विवेक चंपानेरकर ने मजिस्ट्रेट कोर्ट में कांग्रेस नेता के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था।

### नौसैनिकों की सजा के खिलाफ भारत करेगा अपील !

**नईदिल्ली,04 जनवरी 2024 (ए)।** कतर की जेल में बंद 8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों को 28 दिसंबर को बड़ी राहत देते हुए यहां की कोर्ट ने मौत की सजा पर रोक लगा दी. इस बीच गुरुवार (4 जनवरी) को भारत ने कहा कि वो आठ लोगों को मिली जेल की सजा के खिलाफ 60 दिनों के भीतर अपील कर सकता है। विदेश मंत्रालय के नए प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, कतर की कोर्ट ऑफ अपील ने 28 दिसंबर को फैसला सुनाया था।

# कांग्रेस ने क्यों बदला राहुल गांधी के दूसरे मार्च का नाम ?

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत 66 दिनों में 6,700 किलोमीटर का सफर होगा...यह 15 राज्यों और 100 से अधिक लोकसभा क्षेत्रों को कवर करेगी...

**नई दिल्ली,04 जनवरी 2023 (ए)।** पूर्वोत्तर के राज्य मणिपुर से 14 जनवरी को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा 2.0 शुरू होगी। मणिपुर महीनों तक चली जातीय हिंसा के बाद हालात सामान्य होने की राह देख रहा है। राहुल की 66 दिनों की 6,700 किलोमीटर की इस यात्रा को अब भारत जोड़ो न्याय यात्रा कहा जा रहा है। पहले इस यात्रा को भारत न्याय यात्रा नाम दिया गया था। यह यात्रा 15 राज्यों और 100 से अधिक लोकसभा क्षेत्रों को कवर करेगी। यह यात्रा महात्मा गांधी के जन्मस्थान गुजरात के पोरबंदर में समाप्त होगी. कांग्रेस पहले यह यात्रा अरुणाचल प्रदेश से शुरू करने की योजना बना रही थी।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि उन्होंने पिछले साल की भारत जोड़ो यात्रा से उत्पन्न प्रभाव को फिर से बनाने के लिए जोड़ो शब्द जोड़ने का फैसला किया है।

जयराम रमेश ने कहा,राहुल गांधी की यात्रा का विचार न्याय है। इसका उद्देश्य भारत के लोगों के लिए राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना है।

कांग्रेस ने कहा था कि दक्षिण से उत्तर तक के भारत भ्रमण की भारत जोड़ो यात्रा, जो कि कन्याकुमारी से श्रीनगर तक की थी ने काफी सद्भावना पैदा की है। कांग्रेस के नेताओं ने निजी तौर पर स्वीकार किया कि इस यात्रा ने राहुल गांधी के प्रति कई लोगों का नजरिया बदल दिया. लोगों में उनकी छवि एक गर्मजोशी वाले गंभीर राजनीतिज्ञ के रूप में बनी।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे इंफाल से शुरू होगी। यह मध्य भारत पहुंचने से पहले मणिपुर, नागालैंड, असम, अरुणाचल प्रदेश,मेघालय से होकर गुजरेगी और बंगाल जाएगी।



हालांकि पिछली बार के विपरीत यह यात्रा पूरी तरह से पदयात्रा नहीं होगी. जयराम रमेश ने आज दोपहर में संवाददाताओं से कहा, यात्रा के कुछ हिस्सों के लिए पार्टी बसों का उपयोग करेगी। यह बदलाव जितना आम चुनाव के करीब आने से समय की कमी के कारण हुआ है उतना ही पार्टी के बुजुर्ग नेताओं की स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण भी हुआ है। पिछले साल कई नेता बेहद फिट राहुल गांधी के साथ कड़ी मेहनत करने के कारण सुर्खियों में आए थे।

जयराम रमेश ने कहा, हम भारतीय गठबंधन के सभी दलों के नेताओं, उनके समर्थकों, आम जनता और गैर सरकारी संगठनों को यात्रा में भाग लेने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।यह पूछे जाने पर कि क्या अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (जिसके कांग्रेस के साथ संबंध बिगड़ते जा रहे हैं) को आमंत्रित किया जाएगा? रमेश ने कहा कि इंडिया गठबंधन में शामिल सभी पार्टियों को आमंत्रित किया गया है. उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। कांग्रेस ने कहा है कि विपक्षी गठबंधन के सभी मुख्यमंत्री यात्रा को हरी झंडी दिखाने के लिए इंफाल में मौजूद रहेंगे।

### लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की क्या है तैयारी

कांग्रेस पार्टी की आज हुई बैठक में जीएस, प्रभारियों, पीसीसी अध्यक्षों ने भाग लिया। इस बाबत कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस बैठक का एजेंडा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करना और भारत न्याय यात्रा की विस्तार से तैयारी करना। हमारे लिए दोनों की सफलता जरूरी है। इसलिए हम सबको इस बीच में काफी समय देना है और चर्चा करना है।खरगे ने कहा, '19 दिसंबर 2023 को दिल्ली में विपक्षी गठबंधन की चौथी बैठक में सीट-बंटवारे, ईवीएम और सारे जरूरी मुद्दों पर चर्चा हुई। सीट-बंटवारे पर बातचीत के लिए हमारी नेशनल अलायंस कमेटी राज्य इकाइयों के साथ चर्चा कर रही है। देशभर में 8-10 बड़ी पब्लिक मीटिंग हमें मिलकर करनी है।

# मैं लोकसभा चुनाव में प्रचार न कर सकूं,इसलिए भाजपा मुझे गिरफ्तार करवाना चाहती है : अरविंद केजरीवाल

## मोहल्ला क्लीनिकों में फर्जी टेस्ट की सीबीआई जांच के आदेश...एलजी ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली, 04 जनवरी 2024 (ए)।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को ईडी की नोटिस पर जवाब देते हुए कहा कि बीजेपी उन्हें गिरफ्तार करवाना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा का मकसद जांच कराना नहीं है, बल्कि लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी सबसे बड़ी संपत्ति मेरी ईमानदारी है। ये लोग झूठे आरोप लगाकर, झूठा समन भेज कर मुझे बदनाम करना चाहते हैं। 3 जनवरी को ईडी ने अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले में पूछताछ के लिए बुलाया था।

सीएम ने कहा कि वकीलों ने मुझे बताया कि ईडी ने जो समन मुझे भेजे हैं वे गैरकानूनी है। यह समन क्यों गैरकानूनी है, मैंने विस्तार से इसका जवाब ईडी को भेजा है। लेकिन उन्होंने मेरी एक भी बात का जवाब नहीं दिया। इसका मतलब यह है कि उनके पास मेरी बातों का जवाब नहीं है, और वे भी मानते हैं कि यह समन गैरकानूनी है। सीएम ने कहा कि क्या मुझे एक गैरकानूनी नोटिस का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा यदि कानूनी रूप से सही समन आएगा तो मैं उसका पालन करूंगा। सीएम ने कहा कि इनका मकसद जांच करना तो है ही नहीं। इनका मकसद तो मुझे लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना है। उन्होंने कहा कि इस



जांच को शुरू हुए 2 साल हो गए लेकिन अब ठीक लोकसभा चुनाव से पहले मुझे समन भेजा है। इनका मकसद पूछताछ करना नहीं है, इनका मकसद पूछताछ के बहाने मुझे बुलाकर गिरफ्तार करना है ताकि मैं लोकसभा चुनाव में प्रचार न कर सकूं। दिलील सीएम ने कहा, दिल्ली शराब घोटाला – पिछले 2 साल में यह शब्द आपने कई बार सुना होगा। पिछले 2 साल में जांच एजेंसी कई बार छापेमारी और कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। लेकिन अभी तक एक पैसे का हेर फेर नहीं मिला, कहीं से एक पैसा बरामद नहीं हुआ। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यदि भ्रष्टाचार वास्तव में हुआ है तो इतने करोड़ों रुपए गए कहां। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि किसी तरह का कोई भ्रष्टाचार हुआ ही नहीं है, अगर होता तो पैसा भी मिलता। उन्होंने कहा कि ऐसे फर्जी मामले में इन्होंने आम आदमी पार्टी के कई नेताओं को जेल में रखा हुआ है, किसी के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और विजय नायर इसलिए जेल में नहीं हैं क्योंकि उन्होंने कोई भ्रष्टाचार किया है, बल्कि वे इसलिए जेल में हैं क्योंकि उन्होंने भाजपा में शामिल होने से इनकार कर दिया। सीएम का कहना है कि आज हम बीजेपी का मुकाबला इसलिए कर पा रहे हैं क्योंकि हमने कोई भ्रष्टाचार नहीं किया। उन्होंने कहा कि आज जो कुछ भी चल रहा है वह बहुत खतरनाक है। लोकतंत्र के लिए वह बहुत गलत है। हमें मिलकर इसे रोकना होगा। उन्होंने कहा कि मेरा तन, मन, धन देश के लिए है।

## अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

# वीवीआईपी के आगमन के लिए बनेगा स्पेशल कॉरिडोर

### 500 रिहायशी भवन बने होम स्टे

**अयोध्या,04 जनवरी 2024 (ए)।** श्रीरामनगरी अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर तैयारियां पूरी जोरों-शोरों से चल रही है। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के वीवीआईपी शामिल होंगे। उनकी सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को निर्देश भी जारी कर दिए हैं। प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य आयोजन के दिन वीवीआइपी मूवमेंट के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए स्पेशल कॉरिडोर बनाया जाएगा। यह कॉरिडोर अयोध्या एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन समेत अयोध्या के प्रमुख क्षेत्रों को वीवीआइपी मूवमेंट के दौरान आपस में जोड़ेगा। मंडलायुक्त ने बताया कि करीब आठ हजार आमंत्रित आगंतुकों की आवभगत की तैयारियों का रोड मैप बन रहा है। संत समाज के करीब पांच हजार लोग इस



कार्यक्रम में आमंत्रित किए गए हैं। इसके अलावा आमंत्रित वीवीआइपी आगंतुकों के मूवमेंट समेत अन्य कार्यक्रमों के विवरणों को संकलित कर उचित संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। गणमान्यों के रहने के लिए 500 रिहायशी भवनों को होम स्टे में बदला गया है। अयोध्या में 21-22 सौ कमरे होम स्टे के तौर पर श्रद्धालुओं व पर्यटकों के लिए होंगे, जिन्हें होली अयोध्या एप के माध्यम से आरक्षित कराया जा सकता है।

# इंडिगो का सफर अब 1000 रुपए तक होगा सस्ता

### फ्यूल चार्ज नहीं लगेगा

**नई दिल्ली ,04 जनवरी 2024 (ए)।** इंडिगो एयरलाइन का सफर अब 1000 रुपए तक सस्ता हो जायेगा। क्योंकि इंडिगो एयरलाइन अब अपने पैसेंजरों से फ्यूल चार्ज नहीं वसूलेगा। इंडिगो अभी तक 300 रुपए से 1000 रुपए तक फ्यूल चार्ज के रूप में वसूल रही थी। बजट एयरलाइन इंडिगो ने आज यानी, गुरुवार 4 जनवरी से टिकटों पर फ्यूल चार्ज वसूलना बंद कर दिया है।




जानकारी के मुताबिक एविएशन टर्बाइन फ्यूल की लगातार बढ़ रही कीमतों के कारण इंडिगो ने अक्टूबर 2023 की शुरुआत में फ्यूल चार्ज वसूलना शुरू किया था। फ्यूल चार्ज हटने के बाद अब फ्लाइट टिकट सस्ती हो सकती है।ॅ्रस्न किसी एयरलाइन के ऑपरेटिंग खर्च का एक बड़ा हिस्सा होता है। फ्यूल की कीमतें बढ़ने से लागत बढ़ जाती है।इंडिगो के पास 320 से ज्यादा विमानों का बेड़ा है। अपने बेड़े के साथ इंडिगो रोजाना 1900 से ज्यादा फ्लाइट ऑपरेट करती है। ये एयरलाइन 81 डोमेस्टिक डेस्टिनेशन और 32 इंटरनेशनल डेस्टिनेशन को कवर करती है। भारत में सबसे ज्यादा मार्केट शेयर इंडिगो का ही है। फ्यूल चार्ज लगाने के बाद स्टॉक में आई थी तेजी।अक्टूबर में फ्यूल चार्ज लगाने से पहले इंडिगो के शेयर की कीमत 2400 रुपए के करीब थी, जो अब बढ़कर 3000 के करीब पहुंच गई है। यानी 3 महीने में स्टॉक करीब 25प्रतिशत बढ़ चुका है।

### बच्ची का लगातार पीछा करना, घूरना या जबरन बात करना भी यौन अपराधः हाईकोर्ट




**रांची,04 जनवरी 2024 (ए)।** झारखंड हाईकोर्ट ने कहा है कि किसी बच्ची का लगातार या बार-बार पीछा करना, घूरना या जबरन संपर्क करने की कोशिश करना भी यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आने वाला अपराध है। ऐसा मामला पॉक्सो (प्रोटेक्टशन ऑफ चाइल्ड फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस) एक्ट 2012 की धारा 11 (4) के तहत संज्ञेय है।हाईकोर्ट ने चतरा जिले की एक स्कूली छात्रा के यौन उत्पीड़न के आरोपी शिक्षक की जमानत अर्जी खारिज करते हुए यह महत्वपूर्ण आदेश दिया है। आरोपी शिक्षक राहुल यादव पर यह आरोप है कि वह स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा से छेड़खानी करता था। पीड़िता ने स्कूल के प्रिंसिपल से इसकी शिकायत की तो शिक्षक को स्कूल से हटा दिया गया।



# स्थापत्य के लिहाज से अनूठा है राम मंदिर

## 161 फीट ऊंचे भवन में नहीं हुआ लोहे का इस्तेमाल

**अयोध्या ,04 जनवरी 2024 (ए)।** अयोध्या में राम मंदिर स्थापत्य कला का अद्वितीय उदाहरण है। परम्परागत नागर शैली में बनाये जा रहे राम मंदिर की लंबाई (पूर्व से पश्चिम) 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट तथा ऊंचाई 161 फीट रहेगी। तीन मंजिला राम मंदिर में प्रत्येक मंजिल की ऊंचाई 20 फीट रहेगी। मंदिर में कुल 392 खंभे और 44 द्वार होंगे। इस निर्माण का अनोखापन यह है कि इसके जमीन से ऊपर के ढांचे में कहीं भी लोहे का इस्तेमाल नहीं हुआ है। हालांकि, मंदिर के नीचे 14 मीटर मोटी रोलर कॉम्पेक्टेड कंक्रीट (आरसीसी) बिछाई गई है। इसे कृत्रिम चट्टान का रूप दिया गया है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी गई जानकारी के अनुसार, अयोध्या में निर्माणाधीन श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की विशेषता के बारे में बताया गया है। मंदिर परम्परागत नागर शैली में बनाया जा रहा है। मंदिर की लंबाई (पूर्व से पश्चिम) 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट तथा ऊंचाई 161 फीट रहेगी। मंदिर तीन मंजिला रहेगा। प्रत्येक मंजिल की ऊंचाई 20 फीट रहेगी। मंदिर में कुल 392 खंभे व 44 द्वार होंगे। मुख्य गर्भगृह में प्रभु श्रीराम का बालरूप (श्रीरामलला सरकार का विग्रह), तथा प्रथम तल पर श्रीराम दरबार होगा। f

# लोगों को कुत्तों की तरह मारो,उनकी कमर तोड़ दो

## महाराष्ट्र के मंत्री ने पुलिस को दिया लाठीचार्ज का आदेश

**मुंबई,04 जनवरी 2024 (ए)।** महाराष्ट्र के अल्पसंख्यक मंत्री अब्दुल सत्तार ने एक डांस शो के दौरान पुलिस को लोगों पर लाठीचार्ज करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस से कहा कि लोगों को कुत्तों की तरह मारो, इतना लाठीचार्ज करो कि उनकी कमर टूट जाए। ये वाकया सोमवार का है, जिसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। इसके बाद से ही सत्तार की आलोचना हो रही है। विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने ट्वीट किया कि महागठबंधन सरकार की संस्कृति एक ही भाषा है।



महागठबंधन सरकार का असली चेहरा खुद लोगों के सामने लाने के लिए मंत्री अब्दुल सत्तार को धन्यवाद। क्या सत्तार पुलिस को अपने गिरोह का गुंडा मानते हैं?

# भगवान राम को लेकर कांग्रेस के मुस्लिम एमएलए का बयान चर्चा में

**बेंगलुरु,04 जनवरी 2024 (ए)।** अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन से पहले जहां कांग्रेसी नेताओं ने अजीबो-गरीब बयानों से नए विवादों को पैदा कर दिया है वहीं, कर्नाटक के मुस्लिम विधायक ने बड़ी बात कही है। इकबाल हुसैन ने गुरुवार को बयान दिया कि वे बचपन से सरस्वती, लक्ष्मी, गणेश और भगवान राम की पूजा करते रहे हैं। उनका कहना है कि हमारे परिवार के सभी लोग भगवान राम को पूजते हैं और उनके भक्त हैं।अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले कांग्रेस और विपक्षी नेताओं के बयानबाजी राजनीतिक विवाद पैदा कर रही हैं। पहले कर्नाटक के



एमएलसी और कांग्रेस नेता बीके हरिप्रसाद ने कहा था कि उन्हें आशंका है कि राज्य में गोधरा कांड जैसी घटना हो सकती है। उसके बाद कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र ने कह दिया कि अगर भारत हिन्दू राष्ट्र बना तो देश की हालत पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसी हो जाएगी। इसके बाद एनसीपी नेता और शरद पवार गुट के नेता जितेंद्र आव्हाड ने यह कहकर नया विवाद खड़ा कर दिया था कि भगवान राम मांसाहारी थे।

इस पूरे विवाद के बीच कर्नाटक में कांग्रेस विधायक एच. ए. इकबाल हुसैन ने खुद को रामभक्त बताया है। उन्होंने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राम 'हमारे परिवार के भगवान हैं और मैं उनका भक्त हूं।' रामनगर क्षेत्र के विधायक ने कहा कि वह 'रामोत्सव' को भव्य लेकिन धर्मनिरपेक्ष तरीके से मनाएंगे। हुसैन ने पत्रकारों से कहा, मैं पहले ही कह चुका हूं कि मैं राम भक्त हूं। मैं सभी देवताओं की पूजा करता हूं। इसके बारे में कोई अन्य सोच नहीं है। उन्होंने कहा कि वह बचपन से ही सरस्वती, लक्ष्मी, गणेश और भगवान राम की पूजा करते रहे हैं। उन्होंने कहा, मैंने सभी राजनीतिक दलों के साथ भव्य लेकिन धर्मनिरपेक्ष तरीके से 'रामोत्सव' को श्रद्धापूर्वक मनाने का फैसला किया है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण पर उन्होंने कहा, कुछ लोग अपने राजनीतिक फायदे के लिए कुछ भी करते हैं लेकिन कांग्रेस कभी भी लोगों को बांटने के लिए भगवान और धर्म का इस्तेमाल नहीं करती।



### वायनाड सीट से ही लड़ेंगे राहुल गांधी

**नईदिल्ली,04 जनवरी 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों की चर्चा के बीच आखिर सवाल है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी कहां से चुनाव लड़ेंगे? इस बीच सूत्रों ने बताया कि वायनाड सीट से फिर राहुल गांधी चुनावी मैदान में उतरेंगे।

विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से वायनाड सीट छोड़ने को कहा था.। सीपीआई का कहना था कि वायनाड सीट लेफ्ट के लिए छोड़ी जाए.।

## संपादकीय

# जल्द निकले हल, ड्राइवरों की हड़ताल

नए साल के पहले दिन से ही शुरू हुई ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल ने गंभीर स्थिति उत्पन्न कर दी है। देश के कई शहरों में पेट्रोल पंपों के सामने गाड़ियों की लंबी-लंबी कतारें दिख रही हैं। लोग इस आशंका में भी अपनी-अपनी गाड़ियों की टंकी फुल करा रहे हैं कि पता नहीं आगे पेट्रोल मिले या न मिले। यात्रियों को परेशानियां हो रही हैं सो अलग। सबसे बड़ी बात ट्रकों का चलना लगभग रुक गया है।

इस हड़ताल के साथ खास बात यह है कि इसमें आम ड्राइवर आगे हैं और ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन पीछे। मंगलवार यानी हड़ताल के दूसरे दिन तक यह स्थिति थी कि एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारी कह रहे थे, हमने अभी तक हड़ताल का कोई आह्वान नहीं किया है। हड़ताल के पीछे मुख्यतः आम ड्राइवरों में फैली डर की भावना मानी जा रही है।

दरअसल, संसद में पिछले महीने पारित न्याय संहिता में हिट एंड रन मामलों में किए गए कड़े प्रावधान से यह स्थिति पैदा हुई है। इसके मुताबिक लापरवाही से गाड़ी चलाकर गंभीर सड़क दुर्घटना का कारण बने ड्राइवर अगर पुलिस या प्रशासन को सूचित किए बगैर मौके से फरार हो जाते हैं तो उन्हें 7 लाख रुपये का जुर्माना और 10 साल तक की कैद हो सकती है। अब तक आईपीसी में लापरवाही से मौत के मामलों में दो साल तक की कैद का प्रावधान था।

हड़ताल पर गए ड्राइवरों का कहना है कि कोई भी डाइवर दुर्घटना जान-बूझकर नहीं करता क्योंकि इसमें उसकी अपनी जान भी दांव पर लगी होती है। दूसरी बात यह कि दुर्घटना के बाद मौके पर बने रहना उसके लिए खतरनाक होता है क्योंकि हादसे के बाद जमा पब्लिक का गुस्सा प्रायः सही-गलत की चिंता किए बगैर बड़ी गाड़ी के ड्राइवर पर निकलता है।

हालांकि हिट एंड रन मामलों के लिए बने इस कानून के भी कई पहलू हैं। लापरवाही से गाड़ी चलाना एक गंभीर मामला है। मामूली सजा का प्रावधान ड्राइविंग को गंभीरता से लेने का कल्चर डेवलप करने की राह में रोड़ा माना जा रहा था। इसके अलावा सड़क हादसों का शिकार हुए विक्टिम परिवारों का पक्ष भी है, जो कानून के कड़े प्रावधानों की जरूरत को रेखांकित करता है।

फिर भी ड्राइवरों की हड़ताल से जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, उससे साफ है कि कानून बनाते हुए इससे पैदा होने वाली स्थितियों का सही अंदाजा नहीं लगाया जा सका। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशनों की शिकायत है कि कानून बनाने से पहले उनसे किसी तरह की बातचीत नहीं की गई थी। मौजूदा हालात में बातचीत करके मामले को जल्द से जल्द सुलझाने की जरूरत है। किसी भी स्थिति में अड़ियल रवैया अपनाना सभी पक्षों के लिए अत्यधिक नुकसानदेह साबित होगा।

# उम्मीदों के आसमां पर मोहन सरकार

नए साल 2024 के पहले दिन सियासत, समाजसेवा और परीक्षा व प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करने वाले सभी जांबाजों के लिए शुभकामनाएं। जिन्हें मंजिल मिल गई है उन्हें ढेरों बधाइयां। मगर ध्यान रहे कामयाबी की बारिश और असफलताओं की बाढ़ के साथ ही जीवन की परेड भी जारी है। इसमें जो मंजिल पर पहुंच गए हैं वे घमंड ना करें और जो पीछे रह गए हैं वह गम ना करें। सबको पता है जब परेड होती है तो उसमें अबाउट टर्न याने पीछे मुड़ की कमांड भी दी जाती है। इसलिए जो पीछे हैं वे निराश न हों पता नही जिंदगी कब 'पीछे मुड़' की कमांड दे दे और आप अंतिम से प्रथम हो जाओ। हाल ही दिसम्बर में पांच प्रदेशों में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों ने तो यही साबित किया है। मुख्यमंत्री से लेकर मंत्रियों के चयन और विभाग वितरण की परेड में पीछे मुड़ की जो कमांड मिली उसने कई पीछे वालों को आगे खड़ा कर दिया है। राजस्थान में पहली बार के विधायक से सीएम बने भजन लाल शर्मा, मप्र में उच्च शिक्षा मंत्री से मुख्यमंत्री का ताज पहनने वाले डॉ मोहन यादव इसकी जीती जागती मिसाल हैं। यहीं से शुरू होती नए नेतृत्व की उम्मीदों के आसमां पर ऊंची उड़ान।

मध्य प्रदेश सहित भाजपा शासित तीन राज्यों में राजस्थान और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और उनकी कैबिनेट के लिए गुड गवर्नेंस और करप्शन पर जीरो टॉलरेंस सबसे बड़ी चुनौती है। मुख्यमंत्री की मंजिल पाने वाले नेताओं डॉ मोहन यादव, भजन लाल शर्मा और छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय के लिए चाल चरित्र और चेहरे की चुनौती से दो-चार होना पड़ेगा। सरकार की साख के साथ करप्शन पर ज़ीरो टालरेंस का कठिन काम करना पड़ेगा। पीएम नरेंद्र मोदी के इस नारे न खाऊंगा और न खाने दूंगा को अमली जामा पहनाना होगा।

### आ रहे हैं अमित शाह

खल्क खुदा का मुल्क बादशाह का हुकुम कोतवाल के अंदाज़ में नए साल में करप्शन को खत्म करने का आगाज़ करने राज्य के जिले खरगौन आ रहे है केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह। दरअसल खरगौन में शाह साइबर तहसील योजना का शुभारंभ करने आ रहे हैं। जिसमें आमजन खासतौर पर किसानों को नामांतरण के मुद्दे पर बड़ी राहत मिल सकती है। जमीन के बंटवारे या बिक्री होने पर



रजिस्ट्री के बाद तहसीलों में नामान्तरण कराना बड़ी ही टेडी खीर होता है। इसमे पटवारी से लेकर तहसीलदार आदि मिलकर रिश्वतखोरी करते हैं। यह राशि हजारों में होती है। साइबर तहसील में रजिस्ट्री होने के पन्द्रह दिन में नामान्तरण स्वतः ही जाएगा। योजना के मुताबिक यदि ऐसा होता है तो यह करप्शन कम करने में एक क्रांतिकारी कदम होगा। अमित शाह जैसे कठोर गृह मंत्री के हाथों योजना आरम्भ और उनके अनुजरूपी आज्ञाकारी डॉ मोहन यादव के समक्ष निर्बाध रूप से नामान्तरण की प्रक्रिया को पूरा करना कठिन टास्क होगा। इसी मुद्दे पर डॉ यादव की प्रशासनिक दक्षता दांव पर रहेगी। इसके साथ ही यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की तर्ज पर डॉ यादव के पास गृह विभाग का दायित्व भी है। ऐसे में कानून व्यवस्था में भी कठोरता की दरकार है। इस मामले में हरेक अहम मुद्दे पर योगी आदित्यनाथ से उनकी तुलना होगी। भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था के साथ स्कूल कॉलेज और अस्पताल में बेहतर प्रबंधन को लेकर मोहन सरकार उम्मीद के आसमान पर है। मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री से काफी अनुभवी और दिग्गज नेताओं के होने से सरकार के संचालन में काफी मदद मिलेगी। वरिष्ठों के मान सम्मान को संभाल कर चलना और उनकी योग्यता का लाभ लेना यह भी एक दुधारू तलवार की तरह होगा। लेकिन केंद्रीय नेतृत्व का समर्थन होने से डॉक्टर यादव काफी हद तक सरकार के भीतर और बाहर की चुनौतियों का सामना कर पाएंगे। गुना में बस और डंपर की टक्कर के बाद जो कलेक्टर एसपी और परिवहन आयुक्त को हटाने के साथ जिला स्तर के अधिकारियों के निलंबन सम्बन्धी जो कठोर प्रशासनिक फैसले लिए हैं उसे मुख्यमंत्री की छवि जनता के बीच काफी सकारात्मक बनी है। हरेक विभागों में गड़बड़ी मिलने पर गुना जैसे फैसले लगातार लेने होंगे तब जा कर प्रशासन में धमक और जनता में इमेज बन सकेगी। कुछ कर गुजरने की कोशिश में जो लोग लगे हैं उनके लिए एक शेर बड़ा मौजू है-

**मंजिल मिले ना मिले,मुझे उसका गम नहीं, मंजिल की जुस्तजू में,मेरा कारवां तो है!!**

सरकार को असरदार बनने के लिए करप्शन के खिलाफ ज़ीरो टालरेंस की मुहिम को चलाए रखना होगा। साथ ही गड़बड़ी करने वालों की जिम्मेदारी तय कर उन पर कार्रवाई करनी होगी। ऐसे ही उम्मीदों के आसमान पर सरकार है। आने वाले तीन से छह माह का समय सरकार के चाल, चरित्र और चेहरे को तय करने वाला होगा।

**-राघवेन्द्र सिंह-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# ऑनलाइन शादियों की ठगी समझे,वेडिंग.कॉम देखें

आश्चर्य की बात यह है कि सभ्रांत परिवार की यह पढ़ी-लिखी महिलाएँ इस तरह ठगों के झाँसे में आ गई कि पूरी तरह लुट जाने के पहले उन्होंने कभी अपने माता-पिता तक से इस विषय में सलाह नहीं ली और न ही उन्हें अपने आर्थिक लेन-देन के बारे में कभी कुछ बताया। शादी के मामले में सोशल मीडिया की सूचनाओं को और इसके माध्यम से संपर्क में आने वाले व्यक्तियों को तब तक सही न माने जब तक उनकी और उनके परिवार की पृष्ठभूमि की किसी समानांतर प्रक्रिया से जाँच न करवा लें।

जब से सोशल मीडिया का नेटवर्क पूरी दुनिया में फैला है तब से इसका उपयोग करने वालों की संख्या करोड़ों में बढ़ती हुई है। इसका लाभ यह है कि दुनिया के किसी भी कोने में बैठा व्यक्ति दूसरे छोर पर बैठे व्यक्ति से चौबीसों घंटे संपर्क में रह सकता है। फिर वो चाहे आपसी चित्रों का आदान-प्रदान हो, टेलीफोन वार्ता हो या कई लोगों की मिलकर ऑनलाइन मीटिंग हो। इसका एक लाभ उन लोगों को भी हुआ है जो जीवन साथी की तलाश में रहते हैं। फिर वो चाहे पुरुष हों या महिलाएँ।

हम सबकी जानकारी में ऐसे बहुत से लोग होंगे जिन्होंने इस माध्यम का लाभ उठा कर अपना जीवन साथी चुना है और सुखी वैवाहिक जीवन बिता रहे हैं। पर हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। अगर एक पहलू यह है तो दूसरा पहलू यह भी है जहां सोशल मीडिया का दुरुपयोग करके बहुत सारे लोगों को धोखा हुआ है और आर्थिक व मानसिक यातना भी झेलनी पड़ी है।

भारत में किसी अविवाहित महिला का जीवन जीना आसान नहीं होता। उस पर समाज और परिवार का भारी दबाव रहता है कि वो समय रहते शादी करे। चूँकि आजकल शहरों की लड़कियाँ काफ़ी पढ़-लिख रही हैं और अच्छी आमदनी वाली नौकरियाँ भी कर रही हैं इसलिए प्रायः ऐसी महिलाएँ केवल माता-पिता के सुझाव को मान कर पुराने ढर्रे पर शादी नहीं करना चाहती। वे अपने कार्य क्षेत्र में या फिर सोशल मीडिया पर अपनी पसंद का जीवन साथी ढूँढती रहती हैं। इसके साथ ही ऐसी महिलाओं की संख्या कम नहीं है जो कम उम्र में तलाकशुदा हो गई या विधवा हो गईं। इन महिलाओं के पास भी अपने गुज़ारे के लिए आर्थिक सुरक्षा तो ज़रूर होती है परन्तु भावनात्मक असुरक्षा के कारण इन्हें भी फिर से जीवन साथी की तलाश रहती है।

इन दोनों ही क़िस्म की महिलाओं को दुनिया भर में बैठे ठग अक्सर मूर्ख बना कर मोटी रक़म ऐंठ लेते हैं। बिना शादी किए ही इनकी ज़िंदगी बर्बाद कर देते हैं। ऐसी ही कुछ सत्य घटनाओं पर आधारित बीबीसी की एक वेब सीरीज 'वेडिंग.कॉन' इसी हफ़्ते ओटीटी प्लेटफार्म आमेजन प्राइम पर जारी हुई है। यह सीरीज इतनी प्रभावशाली है कि इसे हर उस महिला को देखना चाहिए जो सोशल मीडिया पर जीवन साथी की तलाश में जुटी हैं। बॉलीवुड की मशहूर निर्माता-निर्देशक तनुजा चंद्रा ने बड़े अनुभवी और योग्य फ़िल्मकारों की मदद से इसे बनाया है।

इस सिरीज़ में जिन महिलाओं के साथ हुए हादसे दिखाए गए हैं उनमें से एक विधवा महिला तो अपनी मेहनत की कमाई का लगभग डेढ़ करोड़ रुपया उस व्यक्ति पर लुटा बैठी जिसे उसने कभी देखा तक न था। इसी तरह एक दूसरी महिला ने पचास लाख रुपये गंवाए तो तीसरी महिला ने बाईस लाख रुपये। चिंता की बात यह है कि ये सभी महिलाएँ खूब पढ़ी-लिखी, संपन्न परिवारों से और प्रोफेशनल नौकरियों में जमी हुई थीं। शादी की चाहत में सोशल मीडिया पर ये ऐसे लोगों के जाल में फँस गईं जिन्होंने अपनी असलियत छिपा कर शादी की वेब साइटों पर नक़ली प्रोफाइल बना रखे थे। ये ठग इस हुनर में इतने माहिर थे कि उनकी भाषा और बातचीत से इन महिलाओं को रत्ती भर भी शक नहीं हुआ। वे बिना मिले ही उनके जाल में फँसती गईं और उनकी भावुक कहानियाँ सुन कर अपने खून-पसीने की कमाई उनके खातों में ट्रांसफ़र करती चली गईं। इन महिलाओं को कभी यह लगा ही नहीं कि सामने वाला व्यक्ति कोई बहरूपिया या ठग है और वो बनावटी प्यार जता कर इन्हें अपने जाल में फँसा रहा है। इनमें से दो व्यक्ति तो ऐसे निकले जो तीस से लेकर पचास महिलाओं को धोखा दे चुके थे। तब कहीं जा कर पुलिस उन्हें पकड़ पाई।

आश्चर्य की बात यह है कि सभ्रांत परिवार की यह पढ़ी-लिखी महिलाएँ इस तरह ठगों के झाँसे में आ गई कि पूरी तरह लुट जाने के पहले उन्होंने कभी अपने माता-पिता तक से इस विषय में सलाह नहीं ली और न ही उन्हें अपने आर्थिक लेन-देन के बारे में कभी कुछ बताया। जब इन्हें यह अहसास हुआ कि वे किसी आधुनिक ठग के जाल में फँस चुकी हैं तब तक बहुत देर हो चुकी थी। अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत। इस अप्रत्याशित परिस्थिति ने उन्हें ऐसा सदमा दिया कि कुछ तो अपने होशोहवास ही गँवा बैठी। उनके माता-पिता को जो आघात लगा वो तो बयान ही नहीं किया जा सकता। फिर भी इनमें से कुछ महिलाओं ने हिम्मत जुटाई और पुलिस में शिकायत लिखवाने का साहस दिखाया। फिर भी ये ज़्यादातर ठगों को पकड़वा नहीं सकीं।

साइबर क्राइम से जुड़े पुलिस के बड़े अधिकारी और साइबर क्राइम के विशेषज्ञ वकील ये कहते हैं कि मौजूदा क़ानून और संसाधन ऐसे ठगों से निपटने के लिए नाकाफ़ी हैं। इनमें से भी जो ठग विदेशों में रहते हैं उन तक पहुँचना तो नामुमकिन है। क्योंकि ऐसे ठगों का प्रत्यर्पण करवाने के लिए भारत की दूसरे देशों से द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि नहीं है। देसी ठगों को भी पकड़ना इतना आसान नहीं होता क्योंकि वह फ़र्ज़ी पहचान, फ़र्ज़ी आधार कार्ड, फ़र्ज़ी पैन कार्ड, फ़र्ज़ी टेलीफोन नंबर का प्रयोग करते हैं और अपने मक़सद को हासिल करने के बाद इन सबको नष्ट कर देते हैं।

इस सिरीज़ की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि यह करोड़ों भारतीय महिलाओं को बहुत गहराई से ये समझाने में सफल रही है कि शादी के मामले में सोशल मीडिया की सूचनाओं को और इसके माध्यम से संपर्क में आने वाले व्यक्तियों को तब तक सही न माने जब तक उनकी और उनके परिवार की पृष्ठभूमि की किसी समानांतर प्रक्रिया से जाँच न करवा लें। कोई कितना भी प्रेम क्यों न प्रदर्शित करे, अपने वैभव का कितना भी प्रदर्शन क्यों न करे उसे एक पैसा भी शादी से पहले किसी क़ीमत पर न दें। शादी के बाद भी अपने धन और बैंक अकाउंट को अपने ही नियंत्रण में रखें, उसे नये रिश्ते के व्यक्ति के हाथों में न सौंप दें वरना जीवन भर पछताना पड़ेगा। जिन महिलाओं के पास ओटीटी प्लेटफार्म की सुविधा नहीं है अपने मित्रों या रिश्तेदारों के घर जा कर इस सिरीज़ को अवश्य देखें और अपने साथियों को इसके बारे में बताएँ। ताकि भविष्य में कोई महिला इन ठगों के जाल में न फँसे।

**-विनीत नारायण-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## धरती दाई के दुलरवा बेटा मैं हर कमिया अवंग

धरती दाई के दुलरवा बेटा मै हर
कमिया अवंग
मै छत्तीसगढ़ीहा अवरे,
मै सबले बढ़िया अवंग।
गाँव-गवंई मोर खेती-किसानी
इहीच म हे मोर करम-कहानी
काम-बुता मोर पहावत बिहानी
माटी के सेवा मोर आनी-बानी
अतके मोर जिनगानी
मै नंगरिया अवंग
धरती के मै हर रतन
बेटा कमिया अवंग
मै हर छत्तीसगढ़ीया अवरे।
मै हर सबले बढ़िया अवरे।
भुईया हर ए मोर देवता-धामी
जग म हावय एकर बड़ नामी
खेती-बारी, पुरखा के धरोहर
एकर बिना मोर जिनगी नोहर
अईसे दाई के लाज
रखईया नगरिया अवंग
अईसन दाई के मान
बढ़ईया कमिया अवंग
मै हर छत्तीसगढ़ीहा अवरे।
मै हर सबले बढ़िया अवरे।
सिधवा सादा मोर हे चिन्हारी
दया-धरम के करवं रखवारी
मया-पिरीत हे मोर लाग-मानी
नीति-न्याय म हे मोर सियानी
सुम्मता के संगवारी
मै हर नगरिया अवंग
धरम के धजा फहरईया
मै कमिया अवंग
मै हर छत्तीसगढ़ीहा अवरे।
मै हर सबले बढ़िया अवरे।
दीन-हिन मोर संगी-साथी
पर के सेवा मोर दिन-राती
काम-बुता के मै ह पुजारी
मिहनत के मै हर संगवारी
ए भुईयां म सोन उगईया
मैं नगरिया अवंग
मै खुन-पसीना बहईया
जग कमिया अवंग
मै हर छत्तीसगढ़ीहा अवरे।
मै हर सबले बढ़िया अवरे।
राम-रामायन मोर कथा-कहानी
नीति-धरम हे मोर गुरुतुर-बानी
पर सेवा म मेवा हे मोर सियानी
दया-मया संग, हवे मोर मितानी
ए भुईयां के लागा छुटईया
मै नगरिया अवंग
मै रतन बेटा पावन
भुईयां के कमिया अवंग
मै हर छत्तीसगढ़िहा अवरे।
मै हर सबले बढ़िया अवरे।



**अशोक पटेल आशु**
मेघा,धमतरी
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# नए औद्योगिक कार्यबल तैयार करने के लिए हमारे आईटीआई को चमकाना

1950 से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) भारत में व्यावसायिक शिक्षा की रीढ़ रहे हैं। 2014 के बाद,आईटीआई की संख्या में 47 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है और यह वर्तमान 14,993 तक पहुंच गई है। आईटीआई में वार्षिक नया नामांकन 2014 में 9.46 लाख से बढ़कर 2022 में 12.4 लाख हो गया है।

आईटीआई के शैक्षणिक कैलेंडर को सामान्य पाठ्यक्रमों के साथ मिलाने का बुनियादी मुद्दा हल कर लिया गया है और 100 प्रतिशत कंप्यूटर-आधारित परीक्षण शुरू किए गए हैं। जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था भारी उद्योगों और सार्वजनिक क्षेत्र पर निर्भरता से बदलकर सेवाओं में बदल गई है, वैसे ही आईटीआई पाठ्यक्रम भी बदल गए हैं। पढ़ाए जाने वाले कुल 151 ट्रेडों (पाठ्यक्रमों) में से 64 या 40 प्रतिशत से अधिक अब सेवा क्षेत्रों में हैं। पिछले पांच वर्षों में आईटी कंपनियों के साथ गैर-पाठ्यचर्या साझेदारी में 22 लाख लाभार्थी हुए हैं।

आईटीआई में आधुनिक मानसिकता लाने का एक ठोस प्रयास है। सबसे पहले, सभी आईटीआई पाठ्यक्रमों को राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क के साथ संरेखित करने के लिए पहले के 1,600 घंटों से बढ़ाकर वार्षिक 1,200 घंटे कर दिया गया है। इससे शैक्षणिक समतुल्यता संभव होगी और व्यावसायिक और सामान्य पाठ्यक्रमों के बीच क्रेडिट के हस्तांतरण की अनुमति मिलेगी। 242 आईटीआई में उन्नीस नए युग के कौशल पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं और अन्य 116 आईटीआई अब ड्रोन से संबंधित पाठ्यक्रमों की पेशकश शुरू करने के लिए संबद्ध हैं। नए संबद्धता दिशानिर्देशों के तहत,चार ट्रेडों में से कम से कम एक नए-पुराने पाठ्यक्रम का चयन अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अलावा,गहरे उद्योग संबंधों को संस्थागत बनाने के लिए, 978 आईटीआई अब प्रशिक्षण की दोहरी प्रणाली अपना रहे हैं जो उद्योग और कक्षाओं में सीखने की अनुमति देती है। अनुकूलित पाठ्यक्रम के लिए उद्योग भागीदारों के साथ काम करने के लिए तेरह ज्ञापन रखे गए हैं। सीखने के डिजिटलीकरण को बनाए रखने के लिए, भारत स्किल्स पोर्टल ने छह भाषाओं में पुस्तकों, अभ्यास पत्रों और शैक्षिक वीडियो तक आसान पहुंच सक्षम की है। अक्टूबर 2019 में लॉन्च किया गया, इसका उपयोग आईटीआई प्रणाली के 54 लाख से अधिक उपयोगकर्ताओं द्वारा किया गया है और इसे ई-गवर्नेंस के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से मान्यता दी गई है। आईटीआई की किताबों का 13 भाषाओं में अनुवाद भी किया जा चुका है। आईटीआई पास-आउट छात्रों के दीक्षांत समारोह, कौशलाचार्य पुरस्कार और विश्व कौशल प्रतियोगिता में भागीदारी के रूप में कई संकेतात्मक पहलों ने भी कौशल पारिस्थितिकी तंत्र को सक्रिय करने में मदद की है। विश्व स्तर पर,बड़ी संख्या में छात्र उच्च-माध्यमिक स्तर से व्यावसायिक धाराओं में दाखिला लेते हैं।ओईसीडी देशों में तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में नामांकन 42 प्रतिशत है। ऑस्ट्रेलिया में यह आंकड़ा 49 प्रतिशत, जर्मनी में 45 प्रतिशत, चीन में 42 प्रतिशत, इंडोनेशिया में 44 प्रतिशत, जापान में 22 प्रतिशत और दक्षिण कोरिया में 18 प्रतिशत है। इसके विपरीत, भारत में व्यावसायिक नामांकन 6 प्रतिशत से भी कम होने का अनुमान है। भारत में हिस्सेदारी कम होने के कई कारण हैं. लेकिन मुख्य बात यह है कि भारतीय समाज व्यावसायिक शिक्षा को कितना महत्व देता है। एक महत्वाकांक्षी करियर नहीं माने जाने वाले आईटीआई को अपने बुनियादी ढांचे और आकर्षण में सुधार के लिए प्रणालीगत हस्तक्षेप की कमी का सामना करना पड़ा है।

**-त्रिवेणी देवांगन-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# उम्मीदवारों की ऐसी फौज उतारेगी भाजपा जिसके आगे विपक्ष को पहले दिन से हार का भय सतायेगा

केंद्र में लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के मिशन को कामयाब करने के लिए भाजपा जी-तोड़ प्रयास कर रही है। चुनाव प्रचार अभियान को अंतिम रूप देने के अलावा पार्टी के तमाम नेताओं की भूमिका भी तय की जा चुकी है। जहां तक लोकसभा चुनावों के लिए प्रत्याशियों के चयन की बात है तो यह काम भाजपा बहुत पहले ही शुरू कर चुकी थी और अब यह कार्य अपने अंतिम चरण में पहुँच चुका है। पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची जल्द जारी होने की अटकलों के बीच चर्चाएं यह भी हैं कि इस बार भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी अपना पहला लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। हम आपको याद दिला दें कि अमित शाह ने भी 2019 में भाजपा अध्यक्ष पद पर रहते हुए अपना पहला लोकसभा चुनाव गुजरात के गांधीनगर से लड़ा था।

भाजपा ने लोकसभा चुनावों में प्रत्येक सीट पर 50 प्रतिशत से ज्यादा मत हासिल करने के लिए अपने संगठन के तंत्र को दुरुस्त करने के बाद उम्मीदवारों के तौर पर ऐसी फौज उतारने का निर्णय लिया है जिसके आगे नामांकन भरते हुए विपक्ष के नेताओं को हार का भय पहले दिन से सताने लगे। इसके लिए भाजपा उम्मीदवारों के चयन के लिए कड़े और बड़े पैमाने तय करके आगे बढ़ रही है। हाल ही में भाजपा की ओर से अपने सांसदों के बारे में जनता की राय जानने के लिए नमो एप पर एक सर्वे भी शुरू किया गया था जिस पर लोगों ने जो फीडबैक दिया उसको पार्टी ने काफी गंभीरता के साथ लिया है। हम आपको यह भी याद दिला दें कि हाल में संपन्न पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के दौरान देखने को मिला था कि पार्टी ने कई सांसदों को विधायकी का चुनाव लड़ाया और यह फॉर्मूला काफी सफल साबित हुआ था। यही नहीं, भाजपा हाल में कई चुनावों में बड़ी संख्या में उम्मीदवारों को बदल कर नये चेहरों को मौका देने का सफल प्रयोग भी कर चुकी है इसीलिए माना जा रहा है कि लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन में भी भाजपा हाल के अनुभवों को देखते हुए निर्णय लेगी।

उल्लेखनीय है कि भाजपा आलाकमान ने साल 2023 के अंत में राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में अपने चुनावी अभियान को अंतिम रूप दे दिया था और अब नये साल पर पार्टी मुख्यालय में वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक में उम्मीदवार चयन से जुड़े मुद्दों पर गौर किया गया। बताया जा रहा है कि इस बैठक में एक कमेटी का भी गठन किया गया जोकि असंतुष्ट नेताओं से संपर्क कर उन्हें मनाने का काम करेगी साथ ही कमेटी यह भी देखेगी कि चुनावों के दौरान दूसरे दलों से आने वाले किन लोगों को भाजपा में शामिल कराना है और किन्हें नहीं। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में अन्य दलों के कई कद्दावर नेता और समाज के विभिन्न क्षेत्रों की मशहूर हस्तियां भाजपा में शामिल होने वाली हैं।

जहां तक लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा के उम्मीदवारों की बात है तो बताया जा रहा है कि पहली सूची जल्द ही जारी हो सकती है। पहले माना जा रहा था कि यह सूची मकर संक्रांति के बाद आयेगी क्योंकि अभी खरवास चल रहा है जिसमें शुभ काम नहीं किये जाते लेकिन अब माना जा रहा है कि यह सूची पहले भी आ सकती है। दरअसल भाजपा ने पिछले साल पहली बार पितृपक्ष के दौरान ही मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के उम्मीदवारों की एक सूची जारी कर दी थी जिसको लेकर सवाल उठे थे कि शुभ मुहूर्त और शुभ-अशुभ का खास ध्यान रखने वाली भाजपा ने आखिर पितृपक्ष में कैसे अपनी सूची जारी कर दी? लेकिन समय से पहले उम्मीदवारों की घोषणा करना पार्टी के पक्ष में गया इसीलिए माना जा रहा है कि जिन सीटों पर भाजपा को पिछले चुनावों में जीत नहीं मिली थी या जहां भाजपा का अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा था वहां के उम्मीदवारों की सूची शीघ्र ही सामने आ सकती है ताकि उम्मीदवारों को प्रचार के लिए अच्छा खासा समय मिल सके। साथ ही एक ओर जहां अन्य दल अभी सीटों के बंटवारे पर चर्चा ही नहीं शुरू कर पाये हैं वहीं भाजपा अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करके विपक्ष पर मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल कर लेना चाहती है।

बताया जा रहा है कि भाजपा ने इस बार बड़ी संख्या में अपने राज्यसभा सांसदों को भी लोकसभा चुनाव लड़ाने का फैसला किया है ताकि संसद के ऊपरी सदन में लंबे समय से जमे चेहरों की जगह नये चेहरों को मौका दिया जा सके। इसके लिए तय किया गया है कि भाजपा शासित राज्यों के चुनिंदा राज्यसभा सांसदों को लोकसभा चुनाव लड़ाया जायेगा। भाजपा शासित राज्यों का चयन इसलिए किया गया है ताकि सीट छोड़ने वाले व्यक्ति की जगह आसानी से पार्टी का दूसरा उम्मीदवार राज्यसभा पहुँच सके। इसके अलावा उन राज्यसभा सांसदों को भी चुनाव लड़ने के लिए कहा जा रहा है जिनका कार्यकाल हाल ही में खत्म हुआ या जल्द ही खत्म होने वाला है। यह भी बताया जा रहा है कि कुछ राज्यसभा सांसदों ने खुद भी पार्टी से आग्रह किया है कि उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ने का अवसर दिया जाये।

भाजपा के राज्यसभा सांसदों में महाराष्ट्र से प्रकाश जावड़ेकर, पीयूष गोयल और नारायण राणे,ओडिशा से धर्मेंद प्रधान, गुजरात से मनसुख मांडविया,हिमाचल प्रदेश से भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, उत्तर प्रदेश से दर्शन सिंह, अनिल जैन,डॉ. सुधांशु त्रिवेदी,डॉ. दिनेश शर्मा, कांता कर्दम, नीरज शेखर और सुरेंद्र सिंह नागर, छत्तीसगढ़ से सरोज पांडेय,केरल से वी. मुरलीधरन, बिहार से राकेश सिन्हा और सुशील कुमार मोदी, जम्मू-कश्मीर से गुलाम अली,राजस्थान से अश्विनी वैष्णव,असम से भुवनेश्वर कालिता, सर्बानंद सोनोवाल,मध्य प्रदेश से ज्योतिदारित्य सिंधिया और सुमेर सिहं सोलंकी और त्रिपुरा से बिप्लब कुमार देब का नाम लोकसभा चुनावों के संभावित उम्मीदवारों की सूची में बताया जा रहा है। इसके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी और पूर्व सांसद सैयद जफर इस्लाम का नाम भी लोकसभा के संभावित उम्मीदवारों में बताया जा रहा है। इसके अलावा यह भी चर्चा है कि महाराष्ट्र में इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए कुछ विधायकों को भी लोकसभा चुनाव लड़ने का अवसर दिया जा सकता है। एक उपराज्यपाल का भी लोकसभा चुनाव लड़ना तय बताया जा रहा है।

बहरहाल, आधिकारिक रूप से सूची जारी होने तक अभी कई संभावित नामों की सूची मीडिया में चलती रहेगी। लेकिन एक बात पक्की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की जोड़ी यह तय कर चुकी है कि किसी सांसद के साथ स्थानीय स्तर पर उपजी नाराजगी का असर पार्टी के चुनावी प्रदर्शन पर नहीं पड़ने देना है। इसलिए भाजपा के उम्मीदवारों की सूची निश्चित रूप से सबको चौंकाने वाली ही होगी।

**-नीरज कुमार दुबे-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# तृणमूल कांग्रेस में दो गुटों के बीच गोलीबारी पर कलह



जन्मदिन की शुभकामनाओं के बिना जन्मदिन शायद ही कभी पूरा होता है। इस प्रकार यह उचित ही था कि इस वर्ष तृणमूल कांग्रेस का जन्मदिन काफी उतार-चढ़ाव वाला रहा। उसका स्थापना दिवस जब पुराने संरक्षक ममता बनर्जी के वफादार लेफ्टिनेंट ने उन लोगों के साथ तलवारें भिड़ा लीं, जो स्पष्ट उत्तराधिकारी अभिषेक बनर्जी के साथ खड़े हैं। दो युद्धरत गुटों के प्रतिनिधियों, सुब्रत बख्शी और कुणाल घोष के बीच गोलीबारी ने व्यू और नोव्यू खंडों के बीच प्रतिस्पर्धा का प्रतीक बना दिया। सुश्री बनर्जी और उनके भतीजे के बीच मतभेद के कारण जुबानी जंग को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। जाहिर तौर पर, कई पेचीदा मुद्दों पर दोनों एक राय नहीं हैं। इनमें आगामी लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों को चुनने के श्री बनर्जी के फॉर्मूले पर असहमति, आयु सीमा और एक-व्यक्ति, एक-पद सिद्धांत का उनका समर्थन और संगठनात्मक परिवर्तनों पर इनपुट शामिल हैं। जमे हुए केंद्रीय धन को जारी करने की मांग के लिए अभियान पर रोक लगाने के बंगाल के मुख्यमंत्री के फैसले ने एक पहल जिसका नेतृत्व श्री बनर्जी कर रहे थे ङ्क ने आग में घी डालने का काम किया है। टीएमसी के प्रथम परिवार में ऐसी परेशानियां नई नहीं हैंः वे अतीत में हुई हैं और हल हो गई हैं। लेकिन कहा जा रहा है कि मौजूदा झगड़े का समय आम चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों में बाधा बन रहा है। इससे रैंकों में चिंता बढ़ गई है।

हालाँकि जो बात ध्यान देने योग्य है वह है गोलीबारी को 'आंतरिक लोकतंत्र' के उदाहरण के रूप में वर्णित करने का प्रयास। राय व्यक्त करने की स्वतंत्रता, विशेषकर कार्यकर्ताओं द्वारा, भारतीय राजनीतिक संगठनों में दुर्लभ है। भारतीय जनता पार्टी और वामपंथी संगठनों जैसी रेजिमेंटेड राजनीतिक संस्थाएं, पदानुक्रम के शीर्ष पर मौजूद लोगों से संकेत लेती हैं। दूसरे छोर पर राजनीतिक संगठन हैं जो एक-एकल-व्यक्ति या परिवार के इर्द-गिर्द काम करते हैं। परंपरागत रूप से, कांग्रेस और क्षेत्रीय दल तृणमूल कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, अन्य इस श्रेणी से संबंधित रहे हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा भी ऐसी ही एक इकाई बन गई है। यहां, आदेश की श्रृंखला सर्वोच्च नेता के साथ शुरू और समाप्त होती है। विचारों में मतभेद ङ्क 'आंतरिक लोकतंत्र' पितृपरिवार के कमजोर होने के साथ तेज होने लगते हैं या, टीएमसी के मामले में, जब मातृपरिवार राजनीतिक उत्तराधिकारी के साथ आमने-सामने नहीं मिलते हैं। लेफ्टिनेंटों को केवल चाय की पत्तियां पढ़कर यह चुनना है कि वे किस नेता के साथ होंगे। यह, किसी भी तरह से, आंतरिक लोकतंत्र का एक नमूना है। इसका दूसरा नाम हैः गुटीय झगड़ा।

**-त्रिभुवन देवांगन-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# एनएसयूआई ने छात्रों की विभिन्न मांगो को लेकर सौंपा

## विश्वविद्यालय प्रशासन को 10 बिंदुओं का ज्ञापन

- सवाददाता -
अंबिकापुर,04 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



एनएसयूआई छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने संत गाहिरा गुरु विश्वविद्यालय के कुलपति एवं कुलसचिव से मुलाकात कर छात्रों की परेशानी एवं विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए और सरल प्रकिया अपनाने को लेकर सुझाव एवं मांगों को रखी। विश्वविद्यालय की वेबसाइट संचालित करने वाली एजेंसी कभी भी अपने लिंको में बदलाव करते रहती है जिससे पेज नही खुलने से छात्र परेशान रहता है हम आपसे निवेदन करते है की विश्वविद्यालय अपनी खुद की वेबसाइट बनाए और उसको संचालन का जिम्मेदारी भी स्वयं रखे। मार्कशीट,डिग्री अन्य चीजों जिसमे छात्रों को महीनो लग जाता है प्रिंटिंग की व्यवस्था विश्वविद्यालय में रहे ताकि अगर किसी छात्र का मार्कशीट गुम हो जाता है तो उसकी द्वितीय प्रति तत्काल मिल सके। इस साल होने वाले वार्षिक परीक्षा के संचालन समय वार हो जिसकी तिथि अभी से घोषित कर दी जाए और अगर इस नियत तिथि में कोई भी संचालन में गड़बड़ी होती है तो कार्यवाही तत्काल किया जाए जैसे फॉर्म भरने की तिथि, परीक्षा करवाने को तिथि, परिणाम घोषणा की तिथि,रिवॉल्यूशन रिचेकिंग के फॉर्म परिणाम को तिथि, एवं पूरक परीक्षा के फॉर्म और परिणाम की तिथि ये सारे शेड्यूल वार जारी लिए जाए,जिससे एकेडमिक कैलेंडर में सुधार हो सके क्योंकि इस साल अभी तक पूरक के परिणाम का कोई पता नहीं है। रिवॉल्यूशन एवं रिचेकिंग में हमने देखा छात्रों के नंबर में बदलाव आया है ऐसे में मुख्य कॉपी को जांच करने वाले पर भी कार्यवाही होनी चाहिए क्योंकि उनके खराब जांचने से छात्र साल भर परेशान रहता है आगे इस तरह से न हो इसके लिए कॉपी जांच करने वालो को निर्देशित करने की कृपा करे। बीएड के छात्रों के साथ प्रैक्टिकल के नाम पर वसूली की सूचना लगातार मिलती है जिसमे महाविद्यालय प्रशासन अपना दबाव बना कर छात्रों के साथ वसूली करने की कोशिश करते है और कभी कभी छात्रों को अनुपस्थित करके फेल कर दिया जाता है। इससे छात्रों का साल बरबाद हो जाता है इसकी शिकायत उच्च शिक्षा को भी जा चुकी है हम आपसे निवेदन करते है की बीएड के प्रैक्टिकल विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत व्यक्ति के द्वारा एक्सटर्नल के रूप में जाकर लिया जावे जिससे इस तरह के कृत्य पर लगाम लग सके वर्ष 2022/23 क बचे हुए समस्त पारणाम को जल्द घोषित करने की कृपा करे क्योंकि मुख्य परीक्षा 2023/24 का परीक्षा फॉर्म की तिथि घोषित हो चुकी और छात्र अभी भी अपने पुराने परिणाम को लेकर असमंजस बना हुआ है। विश्वविद्यालय का अधिकृत मोबाइल ऐप के मांग हम लगातार कर रहे है आपसे निवेदन है को मोबाइल ऐप जल्द लॉन्च करने की कृपा करे जिससे छात्रों को मोबाइल में सारी सुविधा जानकारी विश्वविद्यालय की मिल सके। सहायता केंद्र के साथ हेल्पलाइन नंबर को पुनः जारी करने के साथ ही ऐसे कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाए जिससे संचालन अच्छे से हो सके और छात्रों को संतोष जनक जवाब मिल सके। भूगोल,जूलॉजी एवं अन्य विषयो के प्रैक्टिकल के लिए विभिन्न सेंटर बनाए जाए जिससे छात्रों के सुविधा अनुसार सेंटर में जाकर प्रैक्टिकल दे सके। रिवेलिएशन और रिचेकिंग में को छात्र पास हो चुके है उनके पूरक परीक्षा फॉर्म शुल्क की जल्द वापसी करने को लेकर ज्ञापन सौंपा एवं जल्द पूरा करने की मांग किया विश्वविद्यालय ने वेबसाइट और ऐप को लेकर 2 महीने में जारी करने को कहा साथ ही बाकी मांगो को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया ज्ञापन सौंपने वालों में जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता,देव वस्तिथ,वैभव पांडे,विनीत,राहुल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सुसाइड नोट लिखकर कक्षा 10 वीं के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 04 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

शहर के रिंग रोड स्थित प्रतापपुर नाका निवासी कक्षा दसवीं के एक छात्र ने बुधवार की रात अपने घर के स्टोर रूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके पिता आकाशवाणी अंबिकापुर में कार्यरत हैं। कमरे से सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें आत्महत्या का जिम्मेदार खुद ही बताया है। सुसाइड नोट में किसी को दोषारोपण नहीं किया है। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार स्नेहिल पांडेय पिता गोपेश पाण्डेय उम्र 15 वर्ष शहर के रिंग रोड स्थित प्रतापपुर नाका का रहने वाला था। स्नेहिल विक्टोरिया पब्लीक स्कूल में कक्षा 10 वीं का छात्र था। इसके पिता स्नेहल पांडेय आकाशवाणी अंबिकापुर में काम करते हैं। उन्होंने घटना के संबंध में पुलिस को बताया कि बुधवार की शाम 4 बजे डियूटी गया था। मेरी ड्यूटी रात 11 बजे तक रहती है। इस बीच रात लगभग 9 बजे खाना खाने घर पहुंचे। पुत्र स्नेहिल खाना खाने के बाद अपने बैठक रूम में पढाई कर रहा था। डियूटी समाप्त होने पर लगभग 11.20 बजे जब वे घर लौटे तो देखा कि जिस कमरे में स्नेहिल सोता था वहां पर नहीं था। फिर बैडरूम में गया तो वहां भी नहीं दिखा। इसके बाद अपनी पत्नी से पूछा तो बताई वह पढ़ रहा था,फिर में छत की ओर गए तो देखा कि उपर वाले स्टोर रूम की लाईट जल रही है। उस कमरे में जाकर देखा तो पुत्र स्नेहिल का शव फांसी पर झूलता मिला। यह नजारा देख पिता के होश उड़ गए। वह तत्काल मामले की जानकारी पत्नी व अन्य परिजन को दी। उसे फंदे से उताकर स्कूटी से मिशन अस्पताल ले गए। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# कार्यकर्त्ता अभिनन्दन समारोह में

## शामिल होंगे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 04 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह की अध्यक्षता और अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में गुरुवार को संकल्प भवन भाजपा कार्यालय में बैठक संपन्न हुई। आगामी 8 जनवरी को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में सरगुजा संभाग स्तरीय कार्यकर्ता अभिनन्दन समारोह कार्यक्रम किया जाना है। बैठक में ललन प्रताप सिंह ने कार्यक्रमों की रुपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सबको मिलकर होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने की बात कही। इस दौरान विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि आगामी निर्धारित तिथि को मुख्यमंत्री अभिनन्दन समारोह में भाग लेंगे। यह हम कार्यकर्ताओं के लिए गर्व की बात है। उन्होंने अपेक्षित कार्यकर्त्ता एवं पदाधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पीजी कॉलेज परिसर हॉकी मैदान में उपस्थित होने का अपील किया है। बैठक का संचालन भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता ने तथा आभार प्रदर्शन नगर मण्डल अध्यक्ष मधुसुदन शुक्ला ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, पूर्व विधायक विजयनाथ सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भारत सिंह सिसोदिया,लोक सभा विस्तारक जमुना पाण्डेय, फुलेश्वरी सिंह, पूर्व सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष अम्बिकेश केशरी, प्रशान्त शंकर त्रिपाठी,आलोक दुबे,अरुणा सिंह, मुनेशवर राजवाड़े, डी के पुरिया, विजय व्यापारी,राधेश्याम सिंह ठाकुर,रोशन गुप्ता, मंजूषा भगत,मधु चौदहा,राजकुमार बंसल, अभिषेक शर्मा,मुरारी बंसल,मनोज गुप्ता, रुपेश दुबे,रामकेश्वर राजवाड़े,दिनेश साहू, अनिल सिंह,बैभव सिंह,महेन्द्र सिंह, बालनाथ यादव,गुरुशरण सिंह,रज्जु राम, श्रवण कुमार दास,आकाश गुप्ता,हरमिन्दर सिंह टिन्नी,सन्तोष द्विवेदी,रामप्रवेश पाण्डेय,सर्वेश तिवारी,रमेश जायसवाल, अनिल अग्रवाल, रवि जायसवाल, संजीव वर्मा, उमाशंकर उपाध्याय,नकुल सोनकर,धनराम नागेश,सोमनाथ सिंह,वीर विक्रम सिंह बाबरा,वसीम अंसारी,प्रियंका चौबे,सोनू तिग्गा, नीलम राजवाड़े, अनामिका पैकरा,अखण्ड विधायक सिंह सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# सेवानिवृत होकर वापस लौटने पर सैनिक आमीन का किया गया स्वागत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,04 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

देश सेवा कर सकुशल सेवानिवृत होकर घर वापसी पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने स्वागत किया। सैनिक दरिमा थाना के कोटिया निवासी आमीन कुमार सिंह सेवा निवृत होने पर ट्रेन से सुबह अंबिकापुर पहुंचे। यहां अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा रेलवे स्टेशन पर रैली के शक्ल में पहुंचे और फूल-मालाओं से सैनिक आमीन का स्वागत किया। इसके बाद रेलवे स्टेशन से घड़ी चौक होते हुए दरिमा पहुंचे। जहां बीच-बीच में लोगों ने स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद सरगुजा संभाग अध्यक्ष अनिल गुप्ता,उपाध्यक्ष अनिल मिंज एवं समस्त पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

# जमीन विवाद में मां की हत्या करने वाला आरोपी बेटा गिरफ्तार

- संवाददाता -
कुसमी,04 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम देवसराखुर्द के बूटापानी निवासी एक कलयुगी बेटे ने जमीन को लेकर हुए विवाद में मंगलवार की रात मां की हत्या कर दी। मामले में शंकरगढ़ पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दरअसल मां ने बेटे से कहा था कि जमीन में कमाओ-खाओ और हमलोग का भी पालन-पोषण करो। इस बात पर बेटा गुस्सा हो गया और कहा कि मैं तुम दोनों को नहीं पाल सकता। इसी बात पर विवाद बढ़ा और उसने मां को मार डाला। बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवसरा खुर्द के बूटा पानी निवासी 70 वर्षीय सोभरन पहाड़ी कोरवा सोमवार को नए साल के अवसर पर अपने बेटे मन भरन और बहु सनमतिया को खाना खिलाने अपने घर बुलाया था। उसके घर के सामने परछी में रात्रि 10 बजे आग जलाकर तापते हुए सभी भोजन रहे थे। इसी दौरान मनभरन जमीन को लेकर माता-पिता से विवाद करने लगा। तब उसकी मां इतवारी कहने लगी कि जमीन में कमाओ-खाओ लेकिन हम लोग अब बुजुर्ग हो गए हैं, हमारा भी पालन-पोषण करना होगा।

इस पर मनभरन ने गुस्से में कहा जमीन मेरी है,मैं तुम लोगों को नहीं पालूंगा। तब मां बोली कि जमीन से तुम्हें नहीं कमाने दूंगी। इस बात से मनभरन आक्रोशित हो गया और लकड़ी का पीढ़ा उठाकर मां के सिर पर प्राणघातक हमला कर दिया।

इससे इतवारी की मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पर शंकरगढ़ थाना प्रभारी जितेंद्र सोनी मौके पर पहुंचे और शव को पीएम हेतु अस्पताल भेजा।

### आरोपी को भेजा गया जेल

मामले में पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज कर आरोपी मनभरन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कार्रवाई में शंकरगढ़ थाना प्रभारी जितेंद्र सोनी, एसआई गजपति मिर्रे, प्रधान आरक्षक राजेंद्र मिरी व आरक्षक विजय पैकरा शामिल रहे।

# कुलयुगी बेटा ने माता-पिता के साथ की मारपीट,अस्पताल में भर्ती

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 04 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

कुलयुगी बेटा ने अपने वृद्ध माता-पिता को लाठी डंडे से बेदम पिटाई कर दी। इससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार रामबिलास दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम रेवापुर का रहने वाला है। वह शराब पीने का आदि है। 2 जनवरी को शराब पीने के लिए घर से धान बेचने के लिए ले जा रहा था। मां एतवारी ने धान बेचने से मना किया तो गुस्से में आकर बेटा ने मां को लाठी डंडे से मारने लगा। इसे देख पति 70 वर्षीय रसन गोड़ बीच बचाव करने गया तो बेटे ने पिता को भी बेदम पिटाई कर दी। इससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मां ने बताया कि बेटा आए दिन हम लोगों के साथ मारपीट करता है। थाने में कई बार शिकायत किए हैं पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

# कंपनी बाजार से बाइक चोरी,जुर्म दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 04 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

शहर के कंपनी बाजार से एक व्यक्ति की बाइक अज्ञात चोर ने पार कर दी है। बाइक मालिक ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार विश्रामसागर गुप्ता गांधीनगर थाना क्षेत्र के गंगापुर का रहने वाला है। वह 31 दिसंबर को बाइक क्रमांक सीजी 15 सीडब्ल्यू 2393 से सब्जी खरीदने पत्नी के साथ कंपनी बाजार गया था। वह बाइक को कलेक्टर बंगला के सामने खड़ा किया था। सब्जी खरीदकर वापस आया तो उसकी बाइक नही थी। अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गई थी। वह मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अधेड़ महिला की गला काटकर हत्या, पुलिस घटना की छानबीन में जुटी

- संवाददाता -
बलरामपुर-रामानुजगंज, 04 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

जिले के राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम सेवारी में बीती रात अधेड़ महिला की गला काटकर हत्या कर दी गई। महिला घर में अकेली सो रही थी। अज्ञात आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया। सूचना पर राजपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस टीम को घटना स्थल पर कुल्हाड़ी मिला है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम सेवारी के बसियाटोंगरी में अनिता केरकेट्टा 55 वर्ष बीती रात घर में अकेली थी। उसका पति विलियम केरकेट्टा पिछले दो दिनों से बाहर गया हुआ था। महिला बीती रात खाना खाकर सो गई। रात में अज्ञात आरोपी ने घर में घुसकर कुल्हाडी से गला काटकर अनिता केरकेट्टा की हत्या कर दी। घटना की सूचना आज सुबह महिला के

दामाद ने राजपुर थाना में दी। अनिता केरकेट्टा की एक पुत्री है, जिसका विवाह गांव में ही हुआ है। सूचना पर राजपुर थाना प्रभारी रमाकांत साहू की टीम मौके पर पहुंची। टीआई रमाकांत साहू ने कहा कि फिलहाल यह ब्लाइंड मर्डर है। घटना की सूचना पर अंबिकापुर से फारेंसिक एक्सपर्ट एसके सिंह की टीम मौके पर पहुंची। जांच के लिए डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया है।

# प्रेम प्रसंग में नाबालिग छात्र-छात्रा ने की आत्महत्या, 3 दिन में 2 प्रेमी जोड़ों ने उठाया ये घातक कदम

- संवाददाता -
राजपुर/वाड्रफनगर, 04 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



बलरामपुर जिले के पस्ता थाना क्षेत्र के डौरा चौकी अंतर्गत स्कूली छात्र व छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। इससे पूर्व 1 जनवरी को भी बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 नाबालिग प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। बलरामपुर जिले में 3 दिन के भीतर यह दूसरा मामला है।

राजपुर विकासखंड के डौरा चौकी अंतर्गत ग्राम तोनी निवासी 10वीं कक्षा का छात्र व 8वीं कक्षा की छात्रा अलग-अलग स्कूल में अध्ययनरत थे। दोनों का शव बुधवार को गांव में ही एक ही पेड़ पर बकरी बांधने वाली रस्सी के दोनों सिरों से लटका पाया गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना अन्य गांव वालों तथा पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दोनों का शव एक ही रस्सी से लटकने होने से मामला प्रेम प्रसंग का होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस द्वारा मामले की विवेचना की जा रही है।

### नाबालिग प्रेमी जोड़े ने की थी आत्महत्या

इधर बसंतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बाजरा में 1 जनवरी को एक प्रेमी जोड़े का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी।

इस संबंध में एसडीओपी रामअवतार ध्रुव ने बताया था कि प्रेमी जोड़े नाबालिग हैं व पंडो जनजाति के हैं। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। लडक़ी की उम्र लगभग 14 साल है। शवों का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

# महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर अभाविप ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 04 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अंबिकापुर नगर के कार्यकर्ताओ ने महाविद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं के संबंध में आज गुरुवार को तीन सूत्रीय मांगों को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन दिया है।



ज्ञापन में पीजी कॉलेज कैंपस अध्यक्ष सत्येंद्र मिश्रा रोनी ने कहा है कि सभी विद्यार्थियों को पुनः मूल्यांकन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, सभी विद्यार्थी से परीक्षा फॉर्म भराया जाए एवं जल्द से जल्द विद्यार्थियों की परीक्षा चालू हो, छात्रों के साथ जो चॉइस सेंटर के संचालकों द्वारा धोखा किया गया है उस पर कॉलेज प्रशासन एक कमेटी बनाये और जल्द से जल्द उक्त चॉइस सेंटर दुकान संचालकों पर कार्यवाही हो। ज्ञापन सौपने वालों में मुख्य रूप से जिला संयोजक उज्जवल तिवारी, कैंपस मंत्री आस्तिक सिंह, सृष्टि सिंह, सह मंत्री सूर्य दुबे, विवेक, प्रिंस, शुभम साहू, शशांक गुप्ता, विनीत, तनिष्क और पीयूष शामिल थे।

# पंचायत सचिव के मोटरसाइकिल में तोड़फोड़ कर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी,रिपोर्ट दर्ज

- संवाददाता -
लखनपुर, 04 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तराजू में एक ग्रामीण के द्वारा अपने ही ग्राम पंचायत सचिव के मोटरसाइकिल में तोड़फोड़ करते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई जिसे लेकर पंचायत सचिव के द्वारा लखनपुर थाने पहुंच रिपोर्ट दर्ज कराने आवेदन दिया गया लखनपुर पुलिस रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले की जांच में जुटी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम जरहाडीह थाना उदयपुर निवासी दीनानाथ सिंह जो वर्तमान में लखनपुर जनपद क्षेत्र की ग्राम तराजू में पंचायत सचिव के पद पर पदस्थ हैं। 3 जनवरी दिन बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस सूची प्रधानमंत्री न्याय अभियान अंतर्गत हितग्राहियों के पात्रता परीक्षण के दौरान गांव के ही देवकुमार सिंह पिता बालरूप सिंह के द्वारा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए पंचायत सचिव के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए पंचायत सचिव के मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 16 CF 7898 में तोड़फोड़ करते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया। पंचायत सचिव लखनपुर थाना पहुंच रिपोर्ट दर्ज कराने आवेदन दिए लखनपुर पुलिस धारा 294 506 353 427 के तहत अपराध पंजीकृत करते हुए मामले की जांच में जुटी है।




# अग्रणी समाज सेवी संस्था आशा द होप के सदस्यों द्वारा रतनपुर प्राथमिक शाला में गर्म वस्त्रो का वितरण किया गया

- संवाददाता -
सुरजपुर, 04 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

महिलाओं द्वारा संचालित जिले की अग्रणी समाज सेवी संस्था आशा द होप के सदस्यों ने रतनपुर प्राथमिक शाला पहुंच स्वेटर स्कार्फ मोफलर इत्यादि गर्म वस्त्र वितरित किए गए । ताकि क्षेत्र में पड़ रहे कड़ाके की ठंड में स्कूली बच्चों को राहत मिल सके। इस दौरान संस्था की मीना राजेंद्रन, हेमलता गुप्ता,सीमा गर्ग,किरण मोंगिया,अमिता गुप्ता, गीता सोनी,रेखा,संतोषी यादव,सुरजा जैन, मंजू ठाकुर,अन्य सदस्यगण सहित स्कूल के शिक्षक नरेंद्र सिंह,आदित्य यादव ,नीलम जायसवाल उपस्थित थे।

# तालिबानी नेता के करीबी की पाकिस्तान के विदेश मंत्री से बात,आतंकवाद को लेकर दोनों देशों में ठनी

**इस्लामाबाद,04 जनवरी 2024।** सीमा पार आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान और अफगानिस्तान में तकरार बढ़ती जा रही है। इसको थामने के लिए अफगान तालिबान के सर्वोच्च नेता के एक करीबी सहयोगी ने पाकिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी सहित पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ बातचीत की हैं। सीमा पार आतंकवाद पर दोनों के बीच बढ़ते तनाव के बीच शांति और सुरक्षा सहित आपसी मुद्दों पर भी चर्चा की गई हैं। विदेश कार्यालय के एक बयान के मुताबिक, जिलानी ने अफगानिस्तान के साथ निरंतर जुड़ाव और पारस्परिक रूप से लाभप्रद संबंधों के लिए पाकिस्तान की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने क्षेत्रीय व्यापार और कनेक्टिविटी की पूरी क्षमता का उपयोग करने के लिए चिंता के सभी मुद्दों को संबोधित करने के महत्व को भी रेखांकित किया।



पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि देश की सुरक्षा स्थिति 2014 जैसी ही है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल देश भर में आत्मघाती हमलों की दर में 93 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। प्रतिबंधित संगठन टीटीपी ने हाल ही में अपने हमले के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि उसने पिछले साल अकेले दिसंबर में पाकिस्तान में 60 से अधिक हमले किए हैं। पाकिस्तान विदेश विभाग ने कहा कि अफगान प्रतिनिधिमंडल द्वारा की गई बातचीत में व्यापार मुद्दों और अफगानों के लिए नए सीमा बिंदु खोलने के अलावा टीटीपी और अवैध अफगानों का मुद्दा प्रमुख था। एक अधिकारी ने कहा कि लेकिन दोनों पक्षों के बीच विश्वास की कमी के कारण टीटीपी के मुद्दे का जल्द समाधान होने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि तालिबान के सर्वोच्च नेता मुल्ला हैबतुल्ला अखुंद के साथ मुल्ला शिरीन के संबंधों के कारण यह यात्रा अभी भी खास है।

## अमेरिका के हाईस्कूल में फायरिंग, कई लोगों के जख्मी होने की खबर

**वॉशिंगटन,04 जनवरी 2024।** संयुक्त राज्य अमेरिका से एक बार फिर फायरिंग की खबर आ रही है। घटना पेरी के हाईस्कूल की बताई जा रही है। गोलीबारी में कई लोगों के जख्मी होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, घायलों की संख्या की अब तक पुष्टि नहीं हो पाई है। बता दें कि पेरी उत्तरी रेकून नदी के किनारे डलास काउंटी, आयोवा प्रांत का एक शहर है।




## विक्रमसिंघे पर तमिल नेता विग्नेश्वरन का बड़ा बयान,बोले- तमिलों का ध्यान रखें,तभी देंगे समर्थन

**कोलंबो,04 जनवरी 2024।** उत्तरी प्रांत के पूर्व मुख्यमंत्री सीवी विग्नेश्वरन के एक बयान ने श्रीलंका की राजनीतिक हलचल बढ़ाई दी है। उन्होंने बयान देते हुए कहा कि अगर मौजूदा राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे उत्तर में तमिलों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए काम करते हैं, तो निश्चित तौर पर उन्हें तमिल दलों का समर्थन मिल सकता हैं। हालांकि सीवी विग्नेश्वरन ने कहा कि वह प्रांत में सभी विकास परियोजनाओं को शुरू करने केलिए विक्रमसिंघे पर भरोसा कर रहे थे, जिनका तमिल राजनीतिक दलों से वादा किया गया था।




### तमिलों के हितों की करें रक्षा और पाएं उनका समर्थन- विग्नेश्वरन

उन्होंने कहा कि उत्तर में तमिलों के सामने आने वाली सभी समस्याओं का आसानी से समाधान किया जा सकता है। तमिल राजनीतिक दल क्षेत्र में राष्ट्रपति की यात्रा के परिणामों का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं। विग्नेश्वरन ने कहा कि अगर राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे तमिलों की आकांक्षाओं का ध्यान रखते हैं, तो निश्चित तौर पर तमिल राजनीतिक दलों का उन्हें समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार को द्वारा ली गई तमिल लोगों की 3,000 एकड़ भूमि अभी भी जारी नहीं की गई है।

## भ्रष्टाचार के दोषियों की 10 साल की अयोग्यता बरकरार, कोर्ट के फैसले का नवाज-इमरान मामले पर भी असर

**इस्लामाबाद,04 जनवरी 2024।** पाकिस्तान में सार्वजनिक पद धारकों के लिए चुनाव कानूनों में बदलावों के बाद अयोग्यता की अवधि को लेकर असमंजस खत्म हो गया है। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को अपने पहले आदेश को रद्द करते हुए भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों के तहत एक दोषी के लिए 10 साल की अयोग्यता को बहाल कर दिया हैं। साफतौर पर इस फैसले का असर आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले इमरान खान और नवाज शरीफ सहित कई राजनेताओं द्वारा दायर कई मामलों पर पड़ने की संभावना हैं।




गौरतलब है कि 1999 के राष्ट्रीय जवाबदेही अध्यादेश ने भ्रष्टाचार के दोषी व्यक्ति के लिए 10 वर्ष की अयोग्यता का प्रावधान किया था, लेकिन पिछले वर्ष अप्रैल माह में इस्लामाबाद हाईकोर्ट की एकल पीठ ने चुनाव कानूनों में किए गए संशोधनों के बाद एक मामले की सुनवाई करते हुए इसे घटाकर पांच वर्ष कर दिया था। नवाज शरीफ के छोटे भाई शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली पिछली सरकार द्वारा किए गए बदलावों में अयोग्यता की अधिकतम पांच साल की अवधि अनिवार्य थी, जिससे जाहिर तौर पर हर दोषी को राहत मिलती थी।

राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने पिछले साल 25 जुलाई को इस्लामाबाद हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें राष्ट्रीय जवाबदेही अध्यादेश एनएओ के प्रावधान के अनुसार अयोग्यता को 10 साल से घटाकर पांच साल कर दिया गया था। एनएबी की अपील पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति मोहसिन अख्तर कयानी और न्यायमूर्ति समन रफत इम्तियाज की खंडपीठ ने एकल पीठ के फैसले को खारिज कर दिया । मूल अयोग्यता की बहाली भ्रष्टाचार के मामलों का सामना कर रहे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को प्रभावित कर सकती हैं।

बता दें पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नवाज शरीफ हैं, अपने चार साल के आत्म निर्वासन को खत्म करने अक्तूबर में लंदन से पाकिस्तान लौट आएं। नवाज शरीफ पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव में भाग ले रहे हैं।

## भारतीय मूल के बिल्डर के खिलाफ मामला दर्ज,साढ़े नौ करोड़ डॉलर की फर्जी स्कीम चलाने का आरोप

**वॉशिंगटन,04 जनवरी 2024 ।** भारतीय मूल के रियल एस्टेट डेवलपर पर अमेरिका में मामला दर्ज किया गया है। बिल्डर पर आरोप है कि उसने निवेशकों को फर्जी निवेश स्कीम का झांसा देकर करीब साढ़े नौ करोड़ डॉलर की धांधली की। आरोपी की पहचान ऋषि कपूर के रूप में हुई है, जो कि मियामी का रियल एस्टेट डेवलपर है। आरोपी बिल्डर पर अमेरिका के सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन ने मामला दर्ज किया है।



### क्या हैं भारतीय मूल के व्यवसायी पर आरोप

सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन ने रियल एस्टेट डेवलपर की कई संपत्तियों को जब्त किया है। बिल्डर पर नौ करोड़ 30 लाख डॉलर के फर्जीवाड़े की साजिश रचने का आरोप है। ऋषि कपूर के स्वामित्व वाली रियल एस्टेट कंपनी लोकेशन वेंचर्स के अलावा इसकी सहयोगी अर्बिन और 20 अन्य संबंधित ईकाइयों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार, जनवरी 2018 से लेकर मार्च 2023 तक कपूर और अन्य आरोपियों ने अपनी कंपनियों और प्रोजेक्ट्स को लेकर बढ़ा-चढ़ाकर दावे किए ताकि लोग इनके प्रोजेक्ट में निवेश करें। आरोप है कि निवेशकों के पैसों से आरोपी ऋषि कपूर ने खुद के लिए 50 लाख डॉलर की लग्जरी नौका और एक लग्जरी स्पोर्ट्सकार भी लीज पर ली।

आरोप है कि 50 निवेशकों से धोखाधड़ी की गई। कपूर और अन्य पर अमेरिका के सिक्योरिटीज एक्ट 1934 और 1933 के तहत आरोप लगाए गए हैं। फ्लोरिडा के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में मामले की सुनवाई होगी।

## हूती हमलों के बीच लाल सागर में श्रीलंका तैनात करेगा युद्धपोत,राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने कही यह बात

**कोलंबो,04 जनवरी 2024।** लाल सागर में लगातार व्यापारी जहाजों पर हूतियों विद्रोहियों के हमलों से लड़ने के लिए श्रीलंका एक नौसेना पोत तैनात करेगा। देश के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने जानकारी देते हुए कहा कि लाल सागर में हूती हमलों से व्यापारिक जहाज प्रभावित हुए थे। उन्होंने कहा कि अगर जहाजों को दक्षिण अफ्रीका से होकर जाने वाले मार्ग पर मोड़ दिया जाएगा, तो यह बहुत अधिक महंगा साबित होगा। इसलिए लाल सागर में जहाज पर हमला रोकने के लिए श्रीलंका नौसेना एक पोत को लाल सागर की तरफ तैनात करेगा। गौरतलब है कि वैश्विक व्यापार के लिए प्रमुख जलमार्ग की सुरक्षा में भारत समेत कई देशों के साथ श्रीलंका भी शामिल होगा।



### हूती विद्रोहियों का लाल सागर में आतंक

बता दें ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने गाजा में हमास आतंकी समूह के खिलाफ हो रही सैन्य कार्रवाई के लिए इस्राइल से बदला लेने का दावा करते हुए हाल के सप्ताहों में व्यापारिक जहाजों पर 20 से अधिक हमले किए गए हैं। इन हमलों ने एशिया और यूरोप के बीच माल की लागत में तेजी से बढ़ोतरी की हैं।

### हूती लगातार व्यापारिक जहाजों को बना रहा निशाना

टाइम्स ऑफ इस्राइल अखबार के मुताबिक, लाल सागर के बाब अल-मंडेब दक्षिणी चोकपॉइंट पर केंद्रित हूती हमलों ने उस जलमार्ग में शिपिंग को बाधित कर दिया है, जो वैश्विक व्यापार का लगभग 12 प्रतिशत वहन करता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विद्रोही समूह गाजा पट्टी में अधिक सहायता पहुंचने तक अपने हमले जारी रखेंगे। यूएस सेंट्रल कमांड ने कहा कि पिछले महीने दक्षिणी लाल सागर में हूती विद्रोहियों द्वारा ड्रोन हमलों का शिकार हुए दो जहाजों में एक भारतीय झंडे वाला कच्चा तेल टैंकर भी शामिल था।

## जबरन नहीं हटाए जाएंगे बलोच प्रदर्शनकारी, इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने दी राहत

**इस्लामाबाद, 04 जनवरी 2024।** पाकिस्तान में विरोध प्रदर्शन कर रहे बलोच प्रदर्शनकारियों को इस्लामाबाद हाईकोर्ट से थोड़ी राहत मिली है। दरअसल हाईकोर्ट ने इस्लामाबाद के स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिया है कि वह प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बल का प्रयोग ना करें। बलोच प्रदर्शनकारी बीती 20 दिसंबर से इस्लामाबाद के नेशनल प्रेस क्लब के बाहर धरना प्रदर्शन दे रहे हैं।



### हाईकोर्ट ने दी प्रदर्शनकारियों को राहत


दरअसल बलोच सामाजिक कार्यकर्ता सम्मी दीन बलोच ने इस्लामाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर कर पुलिस पर प्रदर्शनकारियों का शोषण करने और उनके मार्च पर बल प्रयोग करने के आरोप लगाए थे। सम्मीदीन बलोच की याचिका पर नोटिस लेते हुए इस्लामाबाद हाईकोर्ट के जज मोहसिन अख्तर कियानी ने स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिया है कि वह प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बल का प्रयोग नहीं करेंगे। साथ ही जज ने इस्लामाबाद के डिप्टी कमिश्नर और एसएसपी को अगली सुनवाई पर कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। कोर्ट अब 5 जनवरी को इस मामले पर सुनवाई करेगा।

## पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा, कोलोराडो के इस फैसले को बदलने का अनुरोध

**वॉशिंगटन,04 जनवरी 2024।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी भागीदारी दर्ज कराने के लिए पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। वह अब कोलोराडो की अदालत के फैसले के खिलाफ अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा रहे हैं। दरअसल, गौरतलब हैं कि 2021 में यूएस कैपिटल पर हमले में लगे आरोपों के कारण मेन और कोलोराडो ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को इस साल राज्यों में राष्ट्रपति पद से अयोग्य घोषित कर दिया है। इसी फैसले को बदलने का ट्रंप ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया है।

ट्रंप के वकीलों का कहना है कि कोलोराडो का फैसला सही नहीं है और यह सही हो भी नहीं सकता है।

गौरतलब है, सुप्रीम कोर्ट पर यह फैसला जल्द करने का दबाव बढ़ रहा है कि क्या राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवारी की दौड़ में सबसे आगे चल रहे ट्रंप को सार्वजनिक पद के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है। इस बीच, उच्च न्यायालय में चल रहे अन्य मामले ट्रंप के खिलाफ संघीय आपराधिक मामले को प्रभावित कर सकते हैं।



### पांच जनवरी को होगा साफ

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति की अपील कोलोराडो जीओपी द्वारा एक अलग अपील दायर करने और दो सप्ताह बाद कोलोराडो के फैसले के वापस आने के लगभग एक सप्ताह बाद आई है। अपील दायर होने तक इस फैसले पर रोक लगा दी गई है और कोलोराडो के शीर्ष चुनाव अधिकारी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि पांच जनवरी को प्रमाणित होने पर ट्रंप का नाम राज्य के प्राथमिक मतपत्र में शामिल किया जाएगा।

### समर्थकों को भड़काने का आरोप सही पाया

कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि ट्रंप ने छह जनवरी 2021 को अपने समर्थकों को भड़काने का काम किया। उन्होंने उपद्रवियों को कैपिटल हिल को निशाना बनाने के लिए उकसाने के लिए चुनावी धोखाधड़ी की झूठी कहानी का सहारा लिया। उनका कभी-कभी यह कह देना कि लोग शांति बनाए रखें, उनके गलत कामों को ठीक नहीं कर सकता। मेन राज्य की सेक्रेटरी ऑफ स्टेट शेना ली बेलोज ने मामले में संवैधानिक विद्रोह के प्रावधान का हवाला देते हुए ट्रंप के खिलाफ फैसला सुनाया था।

### उम्मीदवारी को कई राज्यों में चुनौती दी गई

दरअसल, 2024 में डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति पद के चुनाव से दूर रखने के लिए उनकी उम्मीदवारी को कई राज्यों में चुनौती दी गई है। इसका आधार संविधान के 14वें संशोधन को बनाया गया है। हालांकि, मिशिगन और मिनेसोटा राज्य की अदालतों ने ट्रंप पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है।

## आम चुनाव से ठीक पहले बीएनपी देशभर में करेगी हड़ताल,चुनाव के बहिष्कार को लेकर पक्ष-विपक्ष में रार

**ढाका,04 जनवरी 2024।** महज दो दिन बाद सात जनवरी को भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए मतदान होगा, जिसको लेकर सशस्त्र बलों ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हुए हैं। इसी बीच,बांग्लादेश की प्रमुख विपक्षी पार्टी बीएनपी ने आम चुनाव के विरोध में गुरुवार को 48 घंटे की देशव्यापी आम हड़ताल का एलान किया हैं। गौरतलब है कि बीएनपी चुनावी तारीखों की घोषणा के बाद से ही इन आम चुनावों का बहिष्कार कर रही हैं। बीएनपी का आरोप है कि मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना की मौजूदगी में देशभर में निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकते हैं।



### चुनाव के लिए गठित हो गैर पार्टी तटस्थ सरकार- बीएनपी

पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की मांग हैं कि देशभर में चुनाव कराने के लिए एक अंतरिम गैर पार्टी तटस्थ सरकार हो। सत्तारूढ़ अवामी लीग सरकार ने इस मांग को खारिज कर दिया हैं। बीएनपी के संयुक्त वरिष्ठ महासचिव रूहुल कबीर रिजवी ने गुरुवार को पत्रकार सम्मेलन में आम हड़ताल की घोषणा की हैं।

### आम हड़ताल के जरिए विपक्षी नेताओं को छोड़ने की मांग

हड़ताल के माध्यम से बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर और स्थायी समिति के सदस्य अमीर खसरू महमूद चौधरी सहित अपने नेताओं की रिहाई की भी मांग कर रहा है, जिन्हें हिंसा के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। ह्यूमन राइट्स वॉच के मुताबिक, पुलिस ने हजारों विपक्षी कार्यकर्ताओं और हस्तियों को गिरफ्तार किया हैं। पिछले तीन माह में कम से कम 16 लोग मारे गए और हजारों घायल हो गए। राजनीतिक हिंसा में बसों और ट्रकों सहित कई वाहनों को आग लगा दी गई थी।

### सुरक्षा को लेकर पुख्ता इतंजाम-पुलिस

सेना ने चुनाव से जुड़ी जानकारी देते हुए कहा कि 3 से 10 जनवरी तक शांति और अनुशासन लागू करने के लिए चुनाव आयोग और स्थानीय प्रशासन की मदद करेंगे। सशस्त्र बलों के अलावा तटरक्षक बल, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) और रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) के सदस्य भी चुनाव ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। बांग्लादेश ने देशभर में अर्धसैनिक सीमा रक्षकों की 1,151 प्लाटून तैनात की हैं

## हमास उप-प्रमुख के मौत पर हिजबुल्लाह की इस्राइल को चेतावनी, कहा- इसकी सजा जरूर दी जाएगी

**बेरूत,04 जनवरी 2024।** हमास के उप प्रमुख सलाह अल अरौरी की मौत के बाद हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह ने इस्राइल को लेबनान पर युद्ध छेड़ने के खिलाफ चेतावनी दे दी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हत्या का जवाब और दंड दिया जाएगा।

**इस्राइल को हिजबुल्लाह की चेतावनी-** नसरल्लाह ने अपने संबोधन में कहा,अगर हमारे दुश्मन लेबनान पर युद्ध छेड़ने की सोचेगा तो हम भी बिना किसी रोक-टोक, नियम और बिना किसी बाधा के लड़ेंगे। हम युद्ध से नहीं डरते हैं। ईरान समर्थित लेबनान आतंकी समूह और हमास दोनों ही मंगलवार को बीरट में अरौरी की हत्या के लिए इस्राइल को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। नसरल्लाह ने इस हमले को बड़ा और खतरनाक अपराध बताया है।



नसरल्लाह ने धमकी दी है कि वह इसका जवाब देंगे और सजा भी देंगे। उन्होंने बताया कि अरौरी की जिस हमले में अरौरी की मौत हुई है, 2006 के बाद पहली बार दक्षिणी क्षेत्रों पर इस तरह का हमला हुआ है। हिजबुल्लाह नेता ने कहा कि इस्राइल ने यह संदेश भेजा था कि उनका लेबनान को निशाना बनाने का कोई इरादा नहीं है।

# मिलने आए तो बुके नहीं,बुक लेकर आएं

# रेणुका सिंह सरुता विधायक भरतपुर सोनहत

## सीएम और मंत्रियों के एक फूल देने की अपील के बाद विधायक ने सोशल मीडिया के माध्यम से की अपील




-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,04 जनवरी 2024 (घटती-घटना)। गुलदस्ते मत दीजिए,कुछ देर में मुरझा जाते हैं। स्वागत में कुछ देना ही है तो ऐसी किताबें दीजिए,जो बच्चे पढ़ सकें साथ ही जो छात्रहित में हों। यह अपील सोशल मीडिया के माध्यम से विधायक रेणुका सिंह ने की है। विनम्र अपील लिखते हुए विधायक रेणुका सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकांउट में इस अपील की वजह भी बताई है। यह अपील इसलिए भी प्रासंगिक है क्योंकि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय व अन्य मंत्रियों ने कई बार गुलदस्तों की जगह सिर्फ एक फूल देकर स्वागत करने की अपील की और इस अपील का असर धीरे धीरे हो भी रहा है। स्वागत और मुलाकात में बुके देने की बजाय बुक देने की अपील का मकसद बताते हुए भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र की विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह कहती है कि, जब भी लोग मिलने के लिए आते है, तो साथ में बुके (फूलों का गुलदस्ता) लेकर आते हैं लेकिन, उनके जाने के कुछ देर बाद ही ये मुरझा जाते है इसलिए मिलने के लिए आने वाले सभी लोगों से मेरा यह आग्रह है कि आप मुझसे अब जब भी मिलने आएं तो कृपया फूल या बुके लेकर न आएं। उसकी जगह विद्यार्थियों के लिए उपयोगी किताबें या स्टेशनरी (कॉपी-कलम आदि) दें तो ज्यादा अच्छा होगा।

### आइए, हम साथ मिलकर ज्ञान का प्रकाश फैलाएं

विधायक रेणुका सिंह का कहना है कि मेरा विधानसभा क्षेत्र भरतपुर सोनहत क्षेत्रफल के लिहाज से प्रदेश का सबसे बड़ा विधानसभा क्षेत्र है। यहां शिक्षा का स्तर बढाने की जरूरत है। जो बच्चे किताब कॉपी या संसाधनों की कमी की वजह से पढाई नहीं कर पाते हैं उनके लिए यह सहयोग है जो आपको हमको और हम सबको करना चाहिए ताकि किसी की पढाई संसाधन के अभाव में अधूरी न रह जाए। रेणुका सिंह ने इसे सफल बनाने के लिए आम जनमानस से अपील की है। उन्होंने कहा है कि, आइए, हम साथ मिलकर ज्ञान का प्रकाश फैलाएं।

### किताबें कापियों का वितरण क्षेत्र के विद्यार्थियों को किया जायेगा यह है अभियान का उद्देश्य

भरतपुर सोनहत विधानसभा की विधायक रेणुका सिंह ने बताया की उन्हे भेंट मुलाकात के दौरान मिलने वाली कापी किताबें वह क्षेत्र के विद्यार्थियों के बीच बांटेगी जिससे उन्हे पढ़ाई में सहयोग किया जा सके। वैसे यह प्रयास और यह अपील है बहुत सार्थक क्योंकि यदि ऐसा हुआ तो जनप्रतिनिधियों के माध्यम से ही ऐसे विद्यार्थियों को कापी किताबें मिल सकेंगी जिसे वह खरीद नहीं पा रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश में पांच साल बाद सत्ता में पुनः वापसी कर सकी भाजपा के नव निर्वाचित मुख्यमंत्री गुलदस्ते की बजाए जहां फूल की अपील कर रहे हैं वहीं भरतपुर सोनहत विधायक कापी किताबों के साथ भेंट मुलाकात करने के लिए कह रही हैं। कुल मिलाकर नई सरकार और उसके संचालनकर्ता अलग ही उदाहरण प्रस्तुत कर अब प्रदेश की जनता के बीच अलग छाप छोड़ना चाहते हैं।

### फूल गुलदस्ते बनाने वाले सहित फूलों की खेती करने वालों के लिए अच्छी नहीं यह खबर

प्रदेश के मुख्यमंत्री साथ ही विधायक जहां अब फूल गुलदस्ते की जगह एक फूल और कापी किताब लेकर आने के लिए मिलने वालों से कह रहे हैं वहीं यह खबर उनके लिए अच्छी नहीं है जो फूलों की खेती करते हैं या इस व्यवसाय से जुड़े हुए हैं,क्योंकि फूलों का उपयोग राजनीतिक क्षेत्र में ही ज्यादा है खासकर जब शादी विवाह का सीजन नहीं होता तब नेताओं को दिए जाने वाले फूल गुलदस्ते के ही बहाने उनका रोजगार संचालित होता है जो प्रभावित होगा। फूल उगाने वाले किसान साथ ही इसका व्यवसाय करने वाले निराश होंगे यह तय है।

# पार्षद ने कलेक्टर को लिखा पत्र,निर्माण कार्य में स्थल परिवर्तन कर निर्माण कार्य कराने को लेकर की शिकायत

**नगर पंचायत खोंगापानी का है मामला,स्थल परिवर्तन कर नगर पंचायत कर रहा धार्मिक भावनाओं को आहत यह है आरोप**



-संवाददाता-
एमसीबी,04 जनवरी 2024 (घटती-घटना)। नगर पंचायत खोंगापानी के पार्षद विवेक चतुर्वेदी ने कलेक्टर एमसीबी को पत्र लिखा है जिसमे उन्होंने शिकायत की है की नगर पंचायत खोंगापानी द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्य को अन्यत्र संपन्न कराया जा रहा है जो धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला मामला है।

पार्षद ने शिकायत पत्र में लिखा है की वार्ड क्रमांक 8 के शिव मंदिर स्वागत द्वार के लिए तत्कालीन विधायक गुलाब कमरों ने राशि स्वीकृत की थी जिसका कार्य किया जाना था जो आरंभ नहीं किया गया वहीं पता करने पर बताया जा रहा है की उक्त कार्य की राशि अन्यत्र खर्च की जा रही है जो की गलत है धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला यह विषय है। पार्षद विवेक चतुर्वेदी के अनुसार यह पूरा मामला जांच का विषय है वहीं यह आस्था कर कुठाराघात है जिसकी जांच की जानी चाहिए वहीं सभी दोषियों पर कार्यवाही की जानी चाहिए। पूरे विषय को यदि समझा जाए तो यह शिकायत इस विषय का है की तत्कालीन विधायक गुलाब कमरों ने वार्ड क्रमांक 8 खोंगापानी के शिव मंदिर के लिए स्वागत द्वार बनाने राशि स्वीकृत की थी जो बना नहीं वहीं यह राशि अन्य निर्माण कार्य के लिए खर्च की जा रही है। वैसे मामला निश्चित ही जांच का विषय है क्योंकि यदि राशि मंदिर के स्वागत द्वार के लिए स्वीकृत हुई है तो वहीं खर्च की जानी चाहिए।

# स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के आदेश का असर

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा आधा दर्जन से अधिक मेडिकल स्टोर में ताबड़तोड़ जांच व कार्यवाही


लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स


संजीवनी मेडिकल स्टोर



श्री शुक्ला मेडिकल



-संवाददाता-
कोरिया,04 जनवरी 2024 (घटती-घटना)। प्रदेश के नवनियुक्त स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,चिकित्सा शिक्षा मंत्री शयाम बिहारी जायसवाल के निर्देश का असर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग में देखने को मिली है।

बता दें विगत दिनों स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने रायपुर में स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों की बैठक लेकर प्रतिबन्ध दवाइयों का रोकथाम करने, विक्रय करने वाले मेडिकल स्टोर्स पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में कोरिया जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने भी मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में प्रतिबन्ध दवाइयों के रोकथाम के लिए ड्रग अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। बुधवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बैकुंठपुर के महामाया मेडिकल स्टोर्स, जय श्री राम मेडिकल स्टोर्स, गायत्री मेडिकल स्टोर एंड एजेंसीस, उत्तम फार्मा,संजीवनी मेडिकल स्टोर्स, शुक्ला मेडिकल स्टोर्स,लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स एवं जयश्री मेडिकल स्टोर्स में छापेमारी की कार्यवाही की थी। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रतिबंधित व नशीली दवाइयां, डॉक्टर की बिना पर्ची बेचे जाने वाले दर्द निवारक व गर्भपात की दवाइयाँ बेचे जाने की शिकायत व सूचना के आधार पर शहर के करीब आठ मेडिकल स्टोर्स की आकस्मिक जांच-पड़ताल की गई। निरिक्षण के दौरान महामाया मेडिकल स्टोर्स, बैकुंठपुर में पंजीकृत फार्मासिस्ट अनुपस्थित होने के कारण आगामी आदेश तक उक्त दवाई दुकान में क्रय-विक्रय बंद करते हुए सम्पूर्ण फर्म को बंद कराया गया है। निरीक्षण के दौरान कुछ अन्य दवाई दुकान में अनियमिताएं पाई गई है, सम्बंधित फर्म को स्पष्टीकरण देने हेतु पत्र जारी किया गया।प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विगत दिनों अधिकारियों से कहा है कि किसी भी हालत में कालातीत व प्रतिबन्ध दवाई, सिरप आदि बिकने पर कड़ी कार्यवाही की जाए। इस तरह की अवैध धंधे को बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री जायसवाल ने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले पर कड़ी निगरानी रखने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की जांच जिले में निरंतर जारी रहेगी और अनियमितता पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

### स्वास्थ के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं:श्री जायसवाल

# कोरिया ओपन रैपिड चेस टूर्नामेंट का समापन, सीनियर वर्ग में हसनैन,महिला वर्ग में फरहीन एवं बालक वर्ग में अलभ्य चैम्पियन




-संवाददाता-
कोरिया,04 जनवरी 2024 (घटती-घटना)। कोरिया ज़िला शतरंज संघ के द्वारा रामानुज स्कूल प्रांगण में आयोजित कोरिया ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि राजेन्द्र सिंह जी करकमलों द्वारा आरम्भ हुआ इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया, साथ ही अपेक्षा किया कि आने वाले दिनों में हमारे ज़िला से अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकल कर देश एवं प्रदेश का मान बढ़ाएंगे उन्होंने पहली चाल चलकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारम्भ किया, उल्लेखनीय है पहली बार आयोजित रैपिड शतरंज स्पर्धा में कुल 63 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया अंतरराष्ट्रीय स्विस लीग पद्धति से आयोजित उक्त स्पर्धा 7 चक्रों में सम्पन्न हुआ, अंतिम परिणाम इस प्रकार रहे,सीनियर वर्ग में प्रथम,हसनैन अली द्वितीय, अजय गुप्ता तृतीय, परवेज अंसारी चतुर्थ, अंसारूल हक पंचम, रासिद्ध रसीद छठवाँ,शरद खलखो सातवाँ,शिवहरी आठवाँ,कृष्णा गुप्ता नवमा,मुर्शिद दसवाँ,सुरेंद्र इसी तरह महिला वर्ग में प्रथम, फरहीन द्वितीय,आफरीन तृतीय, दीपा साहू चतुर्थ,सबीना खान पंचम, सौम्या बंसरिया छठवाँ, रिज़वान शबा तथा बालक वर्ग में प्रथम, अलभ्य कुमार द्वितीय, अभिनंदन तृतीय, प्रथम बड़ेरिया चतुर्थ, अक्षत गुप्ता पंचम, ईशान अहमद रहे, समापन समारोह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेन्द्र सिंह दद्दा ने किया विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज गुप्ता, आशीष गुप्ता मंच पर उपस्थित रहे अपने उदबोधन के दौरान मुख्य अतिथि कृष्ण बिहारी जायसवाल ने कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजेन्द्र सिंह ने शतरंज खेल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इस खेल के अनगिनत लाभ गिनाये और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया,अंत मे विजेता खिलाड़ियों नगद पुरस्कार, ट्राफी, और मेडल देकर सम्मानित किया गया,प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक सम्पन्न करवाने में पूर्व महिला छत्तीसगढ़ शतरंज चैंपियन मिस अंजुम का सराहनीय योगदान रहा, प्रतियोगिता के संचालक अब्दुल शमीम के साथ आनंद तिवारी, डॉ विजय जांगड़े, शिवहरी का भरपूर योगदान रहा।

# सूरजपुर जिले के एसआई मनी प्रसाद राजवाड़े पदोन्नत होकर बने टीआई

-संवाददाता-
सूरजपुर 04 जनवरी 2024 (घटती-घटना)। बीते दिन पुलिस मुख्यालय रायपुर के द्वारा एसआई से निरीक्षक के पद पर पदोन्नति का आदेश जारी किया है जिसमें सूरजपुर जिले के 1 एसआई मनी प्रसाद राजवाड़े का नाम शामील है। गुरूवार, 04 जनवरी को पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला ने पदोन्नत हुए एसआई मनी प्रसाद राजवाड़े के कंधों पर स्टार लगाकर टीआई पद पर पदोन्नति दी। उन्होंने पदोन्नत हुए टीआई के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और उन्हें कहा कि सेवा के अगले पड़ाव में पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करें। इस दौरान जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।




# उत्साह के साथ हिंदुओ ने राम जी के नारे के साथ अयोध्या से आए अक्षत कलश की शोभा यात्रा निकाली



-संवाददाता-
कुसमी,04 जनवरी 2024 (घटती-घटना)। नगर में धूमधाम के साथ कुसमी शहर में निकाला गया अक्षत कलश का शोभा यात्रा,दरसल कुसमी शहर में गुरुवार को हिंदु समाज के लोग शिव चौक स्थित शिव मंदिर में काफी संख्या में एकजुट हुए जहा आसपास के गांव और शहर के संत लोग भी पहुंचे फिर शिव मंदिर प्रांगण में भगवान श्री राम के नारे के साथ झाल मंजीरा ढोल बजाकर भक्त गढ़ भजन कीर्तन कर अक्षत कलश की पुजा अर्चना कर शोभायात्रा निकाले,सबसे पहले शिव मंदिर से थाना प्रांगण स्थित राम जानकी मंदिर में अक्षत कलश ले जाकर भगवान श्री राम जानकी की पूजा अर्चना की गई वही थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल सहित अन्य पुलिस स्टाफ के लोगो द्वारा श्रद्धालुओं का स्वागत किया और पटाखे भी फोड़े गए कुसमी शहर में गाजे बाजे के साथ भगवान श्री राम के जय जय कारे लगाते हुए श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा के दौरान अपनी खुशी जताई , वही हिंदु समाज के लोगो से अपील भी की गई की है 22 जनवरी के दिन अपने अपने घरों एवं घर के आसपास के मंदिरों में दीपक प्रज्वलित कर दीपावली जैसा पर्व मानकर खुशी मनाएं,वही गांव गांव में अक्षत कलश को भी सौंपा गया है ताकि कार्यक्रम में आए भक्त गण अपने अपने गांव में जाकर लोगो को अक्षत देकर भगवान श्री राम के अयोध्या में बने भव्य मंदिर के उदघाटन कार्यक्रम का निमंत्रण दे। कार्यक्रम में पुर्व विधायक चिंतामणि महराज भी अपने परिवार के साथ शोभायात्रा में पहुंचे और साथ हि कुसमी सहित आसपास के गावों से काफी संख्या में श्रद्धालु गण इस अक्षत कलश शोभायात्रा में शामिल हुए ।

# पशु चिकित्सालय में वर्षों से जमें है सहायक पशु चिकित्सक

## पशु चिकित्सालय खड़गवां में पदस्थ सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी का मोह नहीं जा रहा कुर्सी से...




### साहब फिल्ड में गए हैं...

पशु चिकित्सालय विभाग के कार्यलय में जब भी जाएंगे तो अन्य कर्मचारी ही मिलते और उनका एक रटा रटाया जवाब रहता है कि साहब फिल्ड में गए हुए है कहां..गए है पता नही...! आखिर सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी साहब इतना फिल्ड करते कहां-कहां है जो ज्यादातर कार्यालय में दिखते नही.. छोड़िए ये सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी साहब है? कुछ भी कर सकते है। फिलहाल वे वर्षो से एक ही स्थान में पदस्थ है। जबकि शासन के नियम अनुसार उनका स्थानांतरण कब का हो जाना था। लेकिन इनको अभयदान मिलता आ रहा है।

### नई सरकार से उम्मीद

छत्तीसगढ़ में नयी सरकार के बनने के बाद शासन-प्रशासन को इस मामले में संज्ञान लेने की जरूरत है। क्योंकी सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी अगर 14- 15 वर्षो से एक ही जगह पर रह सकते है तो अन्य अधिकारी- कर्मचारी क्यों नहीं रह सकते ?

-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां, 04 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

पशु चिकित्सालय खड़गवां की कुर्सी से लगता है पदस्थ सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी का मोह नहीं जा रहा है,जो इस पशु चिकित्सालय में एक कंपाउंडर के रूप पदस्थ हुए थे और आज सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी तक का सफर तय करने वाले सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी को पिछले चौदह पंद्रह वर्षो से भी अधिक समय से एक ही स्थान पर अंगद के पांव की तरह जमे हुए है। जबकि पूर्व एवं वर्तमान राज्य शासन द्वारा समय- समय पर शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों की सर्जरी की जाती रही है।

सत्ता पक्ष के अपने आकाओं की जी हुजूरी करके अपना पोस्टिंग खड़गवां कराने में सफल रहे, और इस प्रकार लगभग 14- 15 वर्षो से एक ही स्थान पर वे जमे रहकर खड़गवां पशु चिकित्सालय विभाग की कुर्सी को अपना स्थाई अड्डा बना रखे है। शायद शासन- प्रशासन ने भी इस ओर ज्यादा ध्यान देना मुनासिब नही समझा, जिसके कारण ये बड़े ढिठ किस्म के हो चले हैं साथ ही ग्राम पंचायतों में होने वाले शासकीय योजनाओं को अनेक ग्रहण लगाते चले आ रहे है। जैसे अजगर को उसके जगह से हटाने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है, ठीक उसी किस्म के सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी लगते है। तथा लगता है इनको खड़गवां पशु चिकित्सालय विभाग का हवा-पानी कुछ ज्यादा ही भा गया है, इसीलिए खड़गवां का मोह नही छोड़ पा रहे है। इसकी दूसरी वजह यह भी है कि सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी को यहां मन मुताबिक कार्य करने की आजादी मिली हुई है।

## यातायात पुलिस द्वारा दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने की जा रही ताबड़तोड़ कार्रवाई

-संवाददाता-
कोरबा,04 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला द्वारा जिले के यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने दिए गए निर्देशानुसार यातायात विभाग द्वारा यातायात नियमों का उल्ंघन करने वाले चालकों पर की जा रही है ताबड़तोड़ कार्यवाही । कार्यवाही के दौरान पुलिस द्वारा नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने की हिदायत और समझाइश देने के साथ-साथ विशेष अभियान जिला पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन व निर्देश में यातायात थाना के द्वारा वर्ष भर कोई न कोई कार्यक्रम के रूप में चलाए जाते रहे है। सड़क पर सुरक्षित आवागमन को प्रोत्साहित करने और हादसों को नियंत्रित करने के लिए कार्रवाई व जागरुकता के साथ ही नशे की हालत में वाहन चलाने, बाईक पर तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट के कार चालन, वाहनों के शीशे पर काली फिल्म लगे होने सहित अन्य तरह से यातायात नियमों का उल्लंघन पर साल भर कार्रवाई होती रही है। यातायात थाना के प्रभारी एसआई गोवर्धन मांझी से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष भर में कुल 24831 प्रकरण दर्ज किए गए जिनमें कुल 1 करोड़ 32 लाख 97 हजार 300 रुपए जुर्माना वसूला गया। इनमें सीएफ के 24210 प्रकरण दर्ज कर 1 करोड़ 4 लाख 87 हजार 600 रुपए शमन शुल्क वसूला गया। यातायात पुलिस द्वारा उल्लंघन संबंधी 621 प्रकरण न्यायालय में पेश किए गए जिनमें 28 लाख 9 हजार 700 रुपए अर्थदंड संबंधितों पर आरोपित किया गया। साल 2023 के प्रारंभ से लेकर अंत तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क हादसे होते रहे। जिले के सीमांत बांगो थाना क्षेत्र में घाटी और घुमावदार रास्तों, अंधे मोड़ पर मौतों का आंकड़ा ज्यादातर रहा तो वहीं दीगर थाना क्षेत्रों में भी वाहन चालक स्वयं से हादसे का शिकार हुए तो दुपहिया, चार पहिया और भारी वाहनों की टक्कर/ठोकर से जानें जाती रहीं। आंकड़ों पर गौर करें तो 2023 में दुर्घटना के 643 आंकड़े दर्ज हुए हैं। मृतकों की संख्या 314 तो घायलों का आंकड़ा 585 दर्ज हुए । सडकों पर सुरक्षित आवागमन न करते हुए स्वयं और दूसरे की परवाह न करने वाले लापरवाह वाहन चालकों के कारण तो कई मामलों में खराब सड़क भी हादसे की एक वजह बनी है।

## सीएमएचओ डॉ केशरी ने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्र एवं स्वास्थ्य शिविर का किया निरीक्षण

-संवाददाता-
कोरबा,04 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

कलेक्टर के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस.एन.केशरी द्वारा आज कोरबा विकासखंड के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों एवं स्वास्थ्य शिविरों का निरीक्षण कर आमजनो को पहुँचाई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दीपक राज तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ अशरफ अंसारी उपस्थित थे द्य डॉ केशरी ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केंद्र) मदनपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इसी





प्रकार उन्होंने सरडीह, बगरीडाँड़ में पीव्हीटीजी वर्ग के स्वास्थ्य जांच हेतु संचालित किए जा रहे स्वास्थ्य शिविर एवं सोलवा पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा की स्वास्थ्य शिविर का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजना का जायजा लेते हुए शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल, एनीमिया टेस्ट, लक्षण युक्त मरीजों की टीवी स्क्रीनिंग तथा 30 वर्ष के ऊपर के सभी व्यक्तियों का बीपी, शुगर जांच करने हेतु स्वास्थ्य विभाग की टीम को निर्देशित किया। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए कहा। जिससे अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके।

## 24 घंटे में अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए थाना सूरजपुर पुलिस ने किया 2 आरोपियों को गिरफ्तार

-संवाददाता-
सूरजपुर,04 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

विगत बुधवार को ग्राम नमदगिरी निवासी नरेश देवांगन ने थाना सूरजपुर में सूचना दिया कि इसका भतीजा 30 वर्षीय सुनील देवांगन का शव सोहन के खेत में पड़ा है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायमी कर मौके पर पहुंची।



मामले की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने पुलिस अधिकारियों, एफएसएल व डॉग स्क्वार्ड की टीम को मौके पर भेज बारीकी से साक्ष्य संकलन कर मामले का खुलासा करने के निर्देश दिए। मामले की बारीकी से जांच के क्रम में शव पंचनामा के बाद मृतक का पीएम कराया गया जिसमें डॉक्टर के द्वारा मृतक की मृत्यु हत्यात्मक लेख किए जाने पर अपराध क्रमांक 03/24 धारा 302 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान जानकारी सामने आई कि मृतक की पत्नी का रामकुमार के साथ अवैध संबंध है। पुलिस ने संदेही रामकुमार केंवट को दबिश देकर पकड़ा, पूछताछ पर उसने बताया कि मृतक सुनील देवांगन की पत्नी लक्ष्मी देवांगन के साथ उसका अवैध संबंध है जिस कारण उसके घर में आना जाना था जिस कारण लक्ष्मी देवांगन के साथ मिलकर सुनील की हत्या करने की योजना बनाया और दोनों के द्वारा 02 जनवरी के रात्रि में सुनील को गमछे से गला दबाकर हत्या करना तथा साक्ष्य छुपाने के नियत से शव को खेत में फेंक देना बताया। जिसके बाद पुलिस ने लक्ष्मी देवांगन को पकड़ा। आरोपियों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाजरब जप्त कर प्रकरण में धारा 201, 34 भादसं. जोड़ते हुए आरोपी रामकुमार केंवट पिता पिता गोपाल केंवट, उम्र 32 वर्ष एवं लक्ष्मी देवांगन पति स्व. सुनील देवांगन उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम नमदगिरी, थाना सूरजपुर को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एएसआई अरूण गुप्ता, मोहम्मद तालिब शेख,आरक्षक लक्ष्मी नारायण मिर्रे, हरिशंकर सिंह व संदीप शर्मा सक्रिय रहे।

## कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बंद कर दी शासकीय नाली

### हो रहा पानी जमा बिमारी फैलने का खतरा





-संवाददाता-
बिहारपुर 04 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

ग्राम पंचायत बिहारपुर मोहल्ले के खासपारा शासकीय सड़क में मनीलाल गुप्ता के घर से ठाकुर गुप्ता के घर तक 50 मीटर 15 वां वित्त जिला पंचायत से स्वीकृत राशि 1.50000(देढ़ लाख) की लागत से सड़क किनारे मार्च 2023 में नाली का निर्माण किया गया जिसके बाद सड़क एवं मोहल्ले की पानी नाली से निकासी होने लगा था जिसमें कांग्रेसी कार्यकर्ता भैयालाल गुप्ता ने ट्रैक्टर से धान लेकर नाली पार करके ले जाते समय मिट्टी डाल दिया था जिसे ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत को लिखित आवेदन दिया पर पंचायत ने कोई ठोस पहल नहीं की जिससे और मनोबल बढ़ गई अब ठाकुर गुप्ता द्वारा ट्रैक्टर से मिट्टी डालकर नाली बंद करा दिया गया पानी निकासी बंद हो गई जिससे पानी इकट्ठा होने पर कई प्रकार के बिमारियों का खतरा होने की संभावना है ग्रामीणों ने शीघ्र नाली खोलवाने की मांग की है।

तहसीलदार बिहारपुर संजय राठौर ने कहा मौके पर गया था नाली बंद किया गया है ग्राम पंचायत से जानकारी मांगी गई है आने पर कार्यवाही की जायेगी।

ग्राम पंचायत सचिव बिहारपुर मुकेश जायसवाल ने कहां नोटिस जारी कर दो दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। जिसके बाद उचित कार्यवाही की जायेगी।

भाजपा नेता सुरेन्द्र गुप्ता ने कहां सरकार गई ऐंठन नहीं गया। कांग्रेस का अब गुण्डा राज खत्म हो गया है सुधर जायें शासकीय स्थानों पर अतिक्रमण बंद करें।

**न्यायालय नजूल अधिकारी सूरजपुर,जिला सूरजपुर (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र:-202312262000005/अ-20(3)/ 2023-24

ईश्तहार

आगामी तिथि 12/01/2024

इस सार्वजनिक ईश्तहार के जारिये सर्व साधारण आम जनता/संस्था/विभाग को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदकगण/विक्रेता नवीन कुमार आ0 सुभाष चंद बंसल, उम्र लगभग 45 वर्ष, जाति अग्रवाल, पेशा व्यपार, निवासी सूरजपुर थाना व तहसील एवं जिला सूरजपुर (छ0ग) व अन्य 01 के द्वारा नगर सूरजपुर स्थित नजूल भूमि प्लाट नंबर 1979/5 रकबा 0.013/4 डिसमिल 800 व.फ . भूमि को अनावेदिका/क्रेता श्रीमती मोनू अग्रवाल पति रविशंकर गोयल, उम्र लगभग 36 वर्ष, जाति अग्रवाल, निवासी सूरजपुर, पो, थाना, तहसील व जिला सूरजपुर के पक्ष में रूपये 27,00,000/-(सत्ताईस लाख रूपये ) में विक्रय करने का सौदा तय किया गया है। जिसमें से अग्रिन 15,00,000/-(पन्द्रह लाख रूपये) नगद एवं 10,00,000/-(दस लाख रूपये) चेक क्रमांक 331532,331533 के माध्यम से विक्रेता द्वारा प्राप्त कर लिया गया है तथा विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पेश किया गया है जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग को कोई दावा /अपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक/लीगल एजेंट के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 12/01/2024 को न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

उक्त भूमि को यदि कोई अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग का व्यक्ति अथवा आवेदित भूखण्ड के समीप के भूमि स्वामि द्वारा उपरोक्त मूल्य पर या उससे अधिक मूल्य पर भूमि का क्रय करने के इच्छुक हो तो वह इस न्यायालय में उपरोक्त दिनांक तक अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकता है।

आज दिनांक 22/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
नजूल अधिकारी
सूरजपुर

**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य यात्रिकी खण्ड बलरामपुर जिला बलरामपुर (छ0ग0)**

निविदा सूचना क्र. 63/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां.ख./2023 बलमरापुर
दिनांक 28/12/2023

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा एकल प्रणली के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।
कार्य का नाम :- CONSTRUCTION OF SUB DIVISION OFFICE BUILDING INCLUDIND WATER SUPPLY, SANITARY FITTINGS, SEWERAGE LINE & CONSTRUCTION OF SEPTIC TANK OF PUBLIC HEATH ENGINEEING DEPARTMENT AT DISTRICT - BALRAMPUR (C.G)

| स.क्र. | सिस्टम क्रमांक | स्थान का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | 150556 | SUB DIVISION BALRAMPUR | 27.62 |

निविदा एवं कार्य का विस्तृत विवरण यथा धरोहर राशि, बिड वैद्यता की तिथि की अवधि निविदाकार की श्रेणी एवं कार्यो तथा स्थल संबंधी जानकारी ऑन लाईन ई-प्रोक्युरमेट (https/eproc,cgstate.gov.in) पर दिनांक 05/01/2024 से देखी जा सकती है तथा निविदा दिनांक 19/01/2024 तक बिड डाली जा सकती है। निविदा के आगामी संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किए जावेंगे। अतः निविदाकार ऑन लाईन निविदा प्रक्रिया में सतत् संपर्क में रहें। अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड बलरामपुर में देखे जा सकते हैं।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बलरामपुर (छ0ग0)

जी नंबर-06875/1

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0**

ईश्तहार

रा.प्र.क्र:-20240102120.../
अ-6/ 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विमल कुमार जैन, शशि भूषण जैन आ0 प्रेमसागर जैन, जाति-जैन निवासी नवापारा, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0, के द्वारा बताया गया कि शीट क्रमांक 08, अस्पताल रोड, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट 2819/5 रकबा 1742.40 वर्गफिट भूमि आवेदक एवं अनावेदक विजय कुमार जैन, उत्तम कुमार जैन , कुसुमलता गोयल आ0 प्रेमसागर जैन, प्रेमसागर जैन आ0 स्व0 नरसिंह दास जैन, निवासी-नवापारा, नगर अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के संयुक्त स्वामित्व की है। उक्त आवेदित भूमि में से अनावेदक विजय कुमार जैन, उत्तम कुमार जैन, कुसुमलता गोयल आ0 प्रेमसागर जैन, प्रेमसागर जैन आ0 स्व0 नरसिंह दास जैन, निवासी-नवापारा, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा नजूल प्लॉट 2819/5 रकबा 1742.40 वर्गफिट में से रकबा 116.6 वर्गफिट भूमि को पंजिबद्ध हक त्याग पत्र पंजीयन दिनांक 20/10/2023 के द्वारा हक त्याग आवेदक के पक्ष में कर दिया है। पंजीपद्ध हक त्याग पत्र पंजीयन दिनांक 20/10/2023 के आधार पर अनावेदक का नाम विलोपित किये जाने बावत आवेदन पत्र अंर्तगत धारा 109, 110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनां-22/01/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावगा।

आज दिनांक 03/01/2024 को मेरे न्यायालीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ.ग.**

रा0प्र0क्र0//अ-20(3)/2022-23

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रकाश अग्रवाल आ0 शंकर लाल अग्रवाल निवासी आदर्शनगर सीतापुर थाना व तहसील सीतापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला बाबूपारा नगर अम्बिकापुर शीट नंबर 09 स्थित नजूल प्लाट नंबर 3467/4866/67 रकबा 118.2 वर्गफीट भूमि को बैक में बंधक रखने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, मेंटनेंस खसरा की छायाप्रति के साथ पेश किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 19/01/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा -आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा छ.ग.**

रा0प्र0क्र0/ /अ-6-अ/2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लोहार साय आ0 दिलराखन चौहान, निवासी ग्राम कांतिप्रकाशपुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115, 116 के अंतर्गत आवेदन श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम कांतिप्रकाशपुर में खसरा नंबर 525/1 रकबा 0.116 हे0 स्थित है। उक्त भूमि निस्तार बंदोबस्त के पश्चात आवेदक के नाम पर दर्ज हुआ था। वर्तमान राजस्व अभिलेखों में त्रुटिवश उक्त भूमि शासकीय भूमि के रूप में दर्ज हो गया है। आवेदक द्वारा ग्राम कांतिप्रकाशपुर में खसरा नंबर 525/1 रकबा 0.116 हे0 को निस्तार बंदोबस्त के आधार पर अपने नाम पर दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जो जांच व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 19/01/2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा

आज दिनांक 03/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-2

**न्यायालय तहसीलदार डौरा-कोचली जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज छ.ग.**

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0/ /अ-6/2023-24

एतद् द्वारा ग्राम डुमरखोला के आम नागरिक को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदकगण अभिमन्यु आ0 हरिनारायण अन्य 01 दोनो जाति सूड़ी सभी निवासी ग्राम डुमरखोला प0ह0न0 12 रा0नि0म0 पस्ता तहसील डौरा-कोचली जिला-बलरामपुर रामानुजगंज (छ0ग0) के द्वारा रजिस्ट्री दस्तावेज दिनांक 10.06.2019 का आवेदन प्रस्तुत किया गया है वसीयतकर्ता नान्हू आ0 अमरसाय उम्र 76 वर्ष जाति सूड़ी निवासी ग्राम डुमरखोला स्थित भूमि खसरा नंबर 1031 रकबा 0.760 हे0 भूमि वसीयत ग्रहिता अभिषेक गुप्ता आ0 हनिरायण गुप्ता उम्र 28 वर्ष लगभग जाति-सूडी निवासी ग्राम, डुमरखोला प0ह0न0 12 के द्वारा वसीयत नामांतरण कराया जाये। उक्त भूमि के नामांतरण हेतु छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अधीन् नामांतरण हेतु यह रजिस्टी दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

इस नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपति हो तो अपना दावा न्यायालय में दिनांक 08/01/2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
डौरा-कोचली
जिला-बलरामपुर-रा0गंज छ.ग.

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202310020700049**

**विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2023-2024**
**अम्बिकापुर प.ह.न. 00015 (2115/3 (0.0080हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-सतीश मौर्य,**
**अनावेदक पक्षकार- कृष्णा देवी, पुष्पा, सरिता, सतीश कुमार, विरेन्द्र कुमार,**

ईश्तहार

आवेदक सतीश मौर्य पिता कालिका प्रसाद, निवासी देवपन्डेया गली, केनाबांध, बौरीपारा अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 2155/3 रकबा 0.008 हे0 भूमि को पंजीबद्ध विक्रयपत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो ई-नामांतरण पोर्टल से ई-कोर्ट में प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 17/01/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/10/2023 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
अम्बिकापुर सरगुजा छ.ग.

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202312020700146**

**विषयः-अ-121 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2023-2024**
**नवागढ़ प.ह.न. 00013 (हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-मोहम्मद इकबाल,**
**अनावेदक पक्षकार- छ0ग0 शासन,**

ईश्तहार

आवेदक मोहम्मद इकबाल आ0 स्व0 मोहम्मद कलाम निवासी ग्राम नवागढ़ तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के पीटिशन क्रमांक डब्ल्यू.पी.सी. संख्या 4126/2023 पक्षकार मोहम्मद इकबाल बनाम छ0ग0 शासन में पारित आदेश दिनांक 15.09.2023 के तहत ग्राम नवागढ़ स्थित भूमि खसरा नंबर 227 रकबा 0.081 हे0 भूमि पर आवेदक के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 08/01/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्त कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/12/2023 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
अम्बिकापुर

# इंडिया का मुकाबला आज ऑस्ट्रेलिया से

» टी20 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की अग्निपरीक्षा,

» हर विभाग में करना होगा सुधार



**नई दिल्ली,04 जनवरी 2024।** इस साल होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए भारतीय महिला क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से मुंबई में शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज में खेल के हर विभाग में सुधार करने की कोशिश करेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम में काफी सुधार की जरूरत है क्योंकि उसने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक दिवसीय सीरीज 0-3 से गंवाई थी जबकि इंग्लैंड ने भी उसे तीन मैच की टी20 सीरीज में हराया था।

भारत ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक-एक टेस्ट मैच जीते लेकिन सीमित ओवरों की क्रिकेट में अभी टीम को काफी कुछ करने की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में भारतीय टीम का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा था और उसे तीन रन से हार का सामना करना पड़ा था जबकि तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के आठ विकेट पर 338 रन के जवाब में भारतीय बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और पूरी टीम 148 रन पर आउट हो गई।

जहां तक पहले वनडे की बात है तो उसमें गेंदबाज नहीं चल पाए थे। भारतीय टीम ने अंतिम दो वनडे में कम से कम आठ कैच छोड़े थे। इसके अलावा निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) को लेकर किए गए उसके फैसले भी सही नहीं रहे। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत की फॉर्म भी चिंता का विषय है। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे में केवल 17 रन बना पाई थी। जेमिमा रोड्रिग्स और रिचा घोष ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अन्य प्रमुख बल्लेबाज नहीं चल पाए। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना लगातार अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पा रही है।

मंधाना के साथ वनडे श्रृंखला में यास्तिका भटिया ने पारी का आगाज किया था। यह देखना होगा की टीम प्रबंधन भाटिया पर भरोसा बनाए रखता है या फिर उनकी जगह शेफाली वर्मा को मौका देता है। इसके विपरीत ऑस्ट्रेलिया के दो बल्लेबाजों फोएबे लिचफील्ड और ताहलिया मैकग्रा जीने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और भारतीय गेंदबाजों के लिए उनको रोकना चुनौती होगी। भारत की तरफ से नई गेंद संभालने वाली रेणुका सिंह ठाकुर और पूजा वस्त्राकर को वानखेड़े की पिच से खास सहयोग नहीं मिला लेकिन डी वाई पाटिल स्टेडियम की नई पिच से उन्हें मदद मिलने की उम्मीद रहेगी।

जहां तक ऑस्ट्रेलिया की बात है तो उसने भारत से एकमात्र टेस्ट मैच गंवाने के बाद शानदार वापसी की है। उसकी तरफ से वनडे श्रृंखला में लिचफील्ड ने एक शतक और दो अर्धशतक लगाकर शानदार प्रदर्शन किया। भारत की तरह ऑस्ट्रेलिया के लिए भी टी20 विश्व कप के लिहाज से यह श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है। इससे उसे उपमहाद्वीप की परिस्थितियों को समझने का मौका मिलेगा क्योंकि अगला टी20 विश्व कप सितंबर अक्टूबर में बांग्लादेश में आयोजित किया जाएगा। यही नहीं 50 ओवर का वनडे विश्व कप भी 2025 में भारत में होगा।

जहां तक इन दोनों टीम के बीच आपसी मुकाबले की बात है तो भारत 31 मैचों में से केवल 6 मैच में जीत दर्ज कर पाया है जबकि 23 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। एक मैच टाई रहा था।

### टीम इस प्रकार हैं:

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर),रिचा घोष (विकेट कीपर), अमन जोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर , तितास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा, मिन्नू मणि।

**ऑस्ट्रेलिया:** डार्सी ब्राउन, हीथर ग्राहम, एशले गार्डनर, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), जेस जोनासेन, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ (उपकप्तान), बेथ मूनी (विकेटकीपर), एलिसे पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम।

## संक्षिप्त खेल समाचार

## सीनियर आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स नेशनल में दीपा कर्माकर चमकीं

### रेलवे ने महिला टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता



**भुवनेश्वर,04 जनवरी 2024।** ओलंपियन दीपा कर्माकर ने सीनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक नेशनल चैंपियनशिप 2024 के दूसरे दिन ऑलराउंड प्रदर्शन में कुल 49.55 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। महिला टीम वर्ग में रेलवे 182.60 अंकों के साथ चैंपियन बनी।भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम स्थित जिम्नास्टिक सेंटर में दूसरे दिन महिला वर्ग में महाराष्ट्र 169.95 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि पश्चिम बंगाल 166.80 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। मेजबान ओडिशा 164.65 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहा। पदक समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में जिम्नास्टिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधीर मितल मौजूद थे। त्रिपुरा का प्रतिनिधित्व कर रहीं दीपा ने कुल 49.55 अंक हासिल किए। उन्होंने वॉल्ट पर 13.40, अनइवन बार्स पर 10.65, बैलेंस बीम पर 13.10 और फ्लोर एक्सरसाइज पर 12.40 रिकॉर्ड किया।

ऑल-अराउंड श्रेणी में शीर्ष पर रहने पर खुशी जताते हुए दीपा ने कहा, मैं आठ साल बाद सीनियर नेशनल में प्रतिस्पर्धा कर रही हूं, मुझे इससे बहुत अच्छा लग रहा है, और मैं अपने आज के प्रदर्शन से वास्तव में खुश हूं। मैं कल अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगी। उन्होंने कहा, यहां जिमनास्टिक सेंटर देखना वाकई बहुत अच्छा है और मुझे यकीन है कि यह बहुत सारे ओलंपिक और एशियाई खेलों के जिमनास्ट तैयार करेगा। मैं इस केंद्र के निर्माण और एथलीटों के लिए खेल संस्कृति बनाने के लिए ओडिशा सरकार को भी धन्यवाद देना चाहती हूं।

## 67 वीं राष्ट्रीय शालेय मलखंब प्रतियोगिता आठ जनवरी से उज्जैन में




**उज्जैन,04 जनवरी 2024।** मध्यप्रदेश के उज्जैन में 67वीं राष्ट्रीय साले मलखंब प्रतियोगिता 08 जनवरी से प्रारंभ होगी। इसमें 20 राज्यों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी आनन्द शर्मा बताया कि आठ से 12 जनवरी तक होने वाली इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के 900 छात्र-छात्रा खिलाड़ियों भाग लेंगे और यह प्रतियोगिता 14 वर्ष, 17 वर्ष और 19 वर्ष आयु समूह के मध्य आयोजित की जायेगी।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता सरस्वती शिशु मन्दिर महाकालपुरम माधव सेवा न्यास भारत माता मन्दिर के पास होगी। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश,महाराष्ट्र,छत्तीसगढ़,गोवा, गुजरात,हरियाणा,झारखंड, कर्नाटक, पंजाब,राजस्थान,तेलंगाना,उत्तर प्रदेश, दिल्ली,केरल,चंडीगढ़,आन्ध्र प्रदेश,बिहार,तमिलनाडु,पांडुचेरी सहित 20 राज्यों के खिलाड़ी भाग लेंगे।

## भारत-पाकिस्तान मैच की तारीख आई सामने

### पहला मुकाबला आयरलैंड से!



**नई दिल्ली,04 जनवरी 2024।** भारत टी20 विश्व कप 2024 के दौरान 9 जून को न्यूयॉर्क में पाकिस्तान से भिड़ेगा और अपने कट्टर प्रतिद्वंदी के खिलाफ मैच से चार दिन पहले अपने अभियान की शुरुआत में आयरलैंड से खेलेगा। सूत्रों के अनुसार,भारतीय टीम जो अपने दूसरे टी 20 विश्व कप खिताब की तलाश में है, क्वालिफाई होने पर अपने ग्रूप मैच यूएसए में और सुपर 8 मैच वेस्ट इंडीज में खेल सकती है। भारत अपने अभियान की शुरुआत करने के लिए 5 जून को न्यूयॉर्क में आयरिश टीम से भिड़ेगा। पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद, भारत अपने अंतिम ग्रूप स्टेज गेम में कनाडा का सामना करने के लिए फ्लोरिडा जाने से पहले 12 जून को न्यूयॉर्क में संयुक्त राज्य अमेरिका का सामना करेगा। 15 जून को भारत बनाम कनाडा का मुकाबला हो सकता है। अगर भारत सुपर 8 चरण के लिए क्वालीफाई करता है, तो उनका पहला मैच 20 जून को बारबाडोस में होगा। उम्मीद है कि भारतीय टीम अपने सभी सुपर 8 मैच वेस्टइंडीज में खेलेगी। सूत्रों के मुताबिक टूर्नामेंट का फाइनल 29 जून को उसी स्थान पर खेले जाने की उम्मीद है हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय स्टार रोहित शर्मा और विराट कोहली टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम का हिस्सा बनने के इच्छुक हैं। रोहित और कोहली दोनों ने नवंबर 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल के बाद से भारत के लिए सबसे छोटे प्रारूप में नहीं खेला है। इसी रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि टी20 विश्व कप 2024 को ध्यान में रखते हुए आईपीएल के दौरान कुल 30 खिलाड़ियों पर नजर रखी जाएगी। वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगभग 30 खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नजर रखी जाएगी। अभी यह देखना होगा कि अगरकर और उनके साथी 11 जनवरी से मोहाली में होने वाली श्रृंखला के लिए रोहित और कोहली का चयन करते हैं या नहीं या फिर आईपीएल के दौरान ही उनकी फॉर्म और फिटनेस पर नजर रखी जाएगी।

## एडन मारक्रम बने नए साल के शतकवीर

**केपटाउन,04 जनवरी 2024।** साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज एडन मारक्रम ने साल 2024 का पहला शतक ठोका है। इस साल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में ये किसी भी बल्लेबाज का पहली सेंचुरी है। जो कि एक ऐसी पिच पर आया है, जहां बल्लेबाजी करना कठिन था। भारत के खिलाफ केपटाउन टेस्ट मैच में एडन मारक्रम ने शानदार पारी खेली। मारक्रम ने अकेले ही भारतीय टीम की लंका लगा दी, क्योंकि इस मैच में बल्लेबाजी करना किसी के लिए भी आसान नहीं था। लेकिन मारक्रम ने बताया कि वे किसी भी पिच पर बल्लेबाजी कर सकते हैं।मारक्रम ने 99 गेंदों में 16 चौके और 2 छक्कों की मदद से अपना 7 वां टेस्ट शतक पूरा किया। हालांकि, वे ज्यादा लंबा नहीं टिक पाए। मोहम्मद सिराज ने रोहित शर्मा के हाथों उनको कैच आउट कराया। वे 103 गेंदों में 106 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, उन्होंने टीम को 60 से ज्यादा रनों की बढ़त दिलाने का



काम किया, जो इस पिच पर काफी मायने रखती है। वहीं इससे पहले साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 55 रन बना सकी थी और भारत की टीम भी 153 रन ही बना पाई। भारत को पहली पारी के आधार पर 98 रनों की बढ़त मिली थी, जिसे मेजबान टीम ने पीछे छोड़ दिया है। एडन मारक्रम साउथ अफ्रीका के छठे ऐसे बल्लेबाज बन गए, जिन्होंने 100 से कम गेंदों में टेस्ट क्रिकेट में शतक जड़ा है। 75 गेंदों में एबी डिविलियर्स ने 87 गेंदों में हाशिम अमला ने 95 गेंदों में डेनिस लिंडसे ने, इतनी ही गेंदों में जोंटी रोड्स और शॉन पोला ने टेस्ट क्रिकेट में शतक जड़ा।

## आमिर जमाल की अजीब गेंदबाजी

**सिडनी,04 जनवरी 2024।** पाकिस्तान बनाम ऑस्ट्रेलिया के बीच आखिरी टेस्ट मैच सिडनी में खेला जा रहा है। इस मैच के दूसरे दिन बारिश ने मुश्किल बढ़ा दी। ऑस्ट्रेलिया ने 47 ओवर में दो विकेट पर 116 रन बना लिए हैं। मार्नस लाबुशेन 23 रन बनाकर जबकि स्टीव स्मिथ 6 रन बनाकर नॉटआउट रहे। वहीं इस मैच में कुछ ऐसा भी हुआ जिसे देखकर हर कोई अपनी हंसी कंट्रोल करने की कोशिश कर रह रहा है। दरअसल, आमिर जमाल ने मार्नस लाबुशेन के साथ



मजे लिए। उन्होंने बिना गेंद लिए ही गेंदबाजी करने के लिए दौड़ पड़े। गेंद रिलीज करने से ठीक पहले जमाल ने अपने दोनों हाथ खोल दिए, जिसमें गेंद थी ही नहीं। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। वीडियो को देखकर ऐसा लग रहा था कि जमाल यहां पर बल्लेबाज के साथ माइंडगेम खेल रहे हैं और चाह रहे थे ये देखना कि लाबुशेन किस तरह की गेंद का सामना करने के लिए तैयार थे। इस मैच में जमाल ने पहली पारी में पाकिस्तान की ओर से 82 रनों की यादगार पारी खेली थी।

पाकिस्तान ने पहली पारी में 313 रन बनाए हैं। जिसमें जमाल के 82 रनों के साथ-साथ मोहम्मद रिजवान की 88 रनों की पारी भी शामिल है।

## एमबापे ने फिर गोल दागा

### पेरिस सेंट जर्मेन ने चैंपियंस ट्रॉफी जीती

**जर्मनी,04 जनवरी 2024।** किलियन एमबापे और ली कांग के गोल की मदद से फ्रेंच लीग चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने फ्रेंच कप विजेता टूलूज़ को 2-0 से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। ली ने तीसरे मिनट में ही ओसुमाने डेम्बले की मदद से गोल करके पीएसजी को बढ़त दिला दी थी। टूलूज़ के पास 18 वें मिनट में बराबरी का गोल करने का मौका था लेकिन गेब्रियल सुआजो गोल करने से चूक



गए। एमबापे ने 44वें मिनट में गोल करके पीएसजी की जीत सुनिश्चित की। यह उनका इस सत्र में 23 मैच में 22 वां गोल था। वह 2017 में पीएसजी से जुड़ने के बाद इस क्लब के लिए 234 गोल कर चुके हैं जो एक रिकॉर्ड है।

## प्लिस्कोवा ने ओसाका को हराया

**ब्रिस्बेन,04 जनवरी 2024।** तीन बार की चैंपियन कैरोलिना प्लिस्कोवा ने ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के दूसरे दौर में नाओमी ओसाका को 3-6, 7-6(4), 6-4 से हरा दिया, जिससे ओसाका की डब्ल्यूटीए टूर में वापसी खराब रही। जुलाई 2023 में अपनी बेटी शाई को जन्म देने के बाद ओसाका सितंबर 2022 के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रही थी। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका ने वापसी करते हुए तमारा कोरपात्श के खिलाफ अपना पहला राउंड मैच जीता। चेक गणराज्य की प्लिस्कोवा इस टूर्नामेंट की एकमात्र तीन बार की चैंपियन हैं, जिन्होंने 2017,



2019 में ट्रॉफी जीती थी और जब डब्ल्यूटीए कार्यक्रम आखिरी बार 2020 में क्वींसलैंड टेनिस सेंटर में आयोजित किया गया था। दो पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ियों के बीच लड़ाई में यह प्लिस्कोवा थी जिसने 2 घंटे और 14 मिनट के बाद वापसी करते हुए राउंड 16 में प्रवेश किया। एक सेट से पिछड़ने के बावजूद, प्लिस्कोवा जापानी स्टार के साथ एक और करीबी मुकाबले को पलटने में सफल रही, जिससे उनकी बढ़त 4-2 हो गई। प्लिस्कोवा, जिन्हें इस सप्ताह एक वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में पहले दौर में बाई मिली थी। उन्होंने अब ब्रिस्बेन में अपने आखिरी 10 मैच जीते हैं।

## अदिति राव हैदरी ने सिद्धार्थ संग अपने रिश्ते पर लगाई मोहर


### अभिषेक कुमार ने समर्थ जुरेल को मारा थप्पड़

पांच साल तक मलायका अरोड़ा से तलाक लेने के बाद अरबाज खान ने पिछले साल 24 दिसंबर 2023 को स्टाइलिस्ट शूरा खान से शादी कर ली। ऐसा लगता है कि अरबाज को शूरा खान में सभी का प्यार मिला है और उनकी शादी की तस्वीरें और वीडियो इसका सबूत हैं।



लेकिन शूरा के साथ उनकी शादी ने उनकी पूर्व पत्नी मलायका अरोड़ा के साथ उनके समीकरण बदल दिए? नवीनतम विकास यह है कि अरबाज खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मलिका को अनफॉलो कर दिया है और यह अविश्वसनीय है। अरबाज और मलायका दोनों एक-दूसरे के साथ बेहद सौहार्दपूर्ण रहे हैं और उन्हें अपने बेटे अरहान खान को विदा करके अपने माता-पिता के कर्तव्य को पूरा करने के लिए अक्सर हवाई अड्डे पर एक साथ देखा गया है और कई अन्य उदाहरण भी हैं।

बिग बॉस 17 के नवीनतम एपिसोड में साप्ताहिक नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रतियोगियों के बीच कई तीखी बहसें देखी गईं। सबसे चर्चित झड़पों में से एक है ईशा मालवीय-समर्थ जुरेल बनाम अभिषेक कुमार। हाल के एपिसोड में, दोनों को अभिषेक के मानसिक स्वास्थ्य का मज़ाक उड़ाते हुए और एक्टिविटी रूम में क्लॉस्ट्रोफोबिक महसूस करने के लिए नकली कहते हुए देखा गया था।



## सौभाग्य से,मैं खुद को एक बक्से तक सीमित नहीं पाती:वामीका गब्बी

चार्ली चोपड़ा के लिए मशहूर अभिनेत्री वामिका गब्बी ने अपनी 2023 की उल्लेखनीय यात्रा पर बात की। उन्होंने कहा कि वह खुश हैं कि वह खुद को एक बॉक्स तक सीमित नहीं पाती हैं। एक रोमांचक तरीके से,वामीका ने साझा किया मैं अपने करियर के एक रोमांचक चरण में हूं, मुझे विभिन्न प्रकार के प्रस्ताव मिल रहे हैं जो मुझे नकारात्मक भूमिकाओं से लेकर काल्पनिक और चुलबुली,चंचल व्यक्तित्व वाले किरदारों का पता लगाने की अनुमति देते हैं। सौभाग्य से, मैं खुद को एक बॉक्स तक सीमित नहीं पाती हूं।

जुबली में वामिका की निलोफर की भूमिका या चार्ली चोपड़ा में जासूस की भूमिका के साथ 2023 अभिनेत्री के लिए एक बड़ी सफलता के रूप में सामने आया है। इन सफलताओं ने उन्हें इस साल आईएमडीबी की सूची के अनुसार भारत में सबसे लोकप्रिय हस्तियों में चौथे नंबर पर भी स्थान दिलाया,जहां उन्होंने आलिया भट्ट और शाहरुख खान के साथ स्थान साझा किया।अपनी यात्रा पर विचार करते हुए वामीका ने मिले समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और कहा, यह साल चुनौतियों और जीत से भरा एक अद्भुत सफर रहा है। मैं अवसरों और मेरे द्वारा निभाए गए विविध किरदारों को दर्शकों द्वारा अपनाए जाने के लिए आभारी हूं।

## पृथ्वीराज अभिनीत द गोट लाइफ 10 अप्रैल को रिलीज होगी

मलयालम सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन-स्टारर द गोट लाइफ - एक सच्ची कहानी पर आधारित एक जीवित साहसिक फिल्म -10 अप्रैल, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता ब्लेसी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में हॉलीवुड अभिनेता जिमी जीन-लुई, अमला पॉल, भारतीय अभिनेता के.आर.गोकुल और प्रसिद्ध अरब अभिनेता तालिब अल बलुशी और रिकाबी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। दुनिया भर के कई देशों में शूट की जा रही यह फिल्म मलयालम फिल्म उद्योग में अब तक का सबसे बड़ा उद्यम है।

वैश्विक दर्शकों के लिए बनाई गई इस भारतीय फिल्म के बारे में बोलते हुए, निर्देशक, ब्लेसी ने कहा- मेरे सामने सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि द गोट लाइफ एक सार्वभौमिक अपील वाला विषय है और मुझे इसकी कथा शैली के प्रति सच्चा रहना होगा।




उपन्यास कुछ वास्तविक घटनाओं पर आधारित है और मैं हर पल दर्शकों को मंत्रमुग्ध करना चाहता हूं कि किसी के साथ अविश्वसनीय जैसा कुछ हुआ है। सच्चाई कभी भी कल्पना से इतनी अधिक अजनबी नहीं रही है।

फिल्म का स्तर एक थिएटर की सीमा के भीतर महसूस किए जाने की मांग करता है और हम इस महान कृति को दुनिया भर के दर्शकों के सामने लाने के लिए उत्साहित हैं।

फिल्म आदुजीविथम उपन्यास पर आधारित है, जिसे बेन्यामिन ने लिखा है और यह एक युवक नजीब के जीवन की सच्ची कहानी है, जो 1990 के दशक की शुरुआत में केरल के हरे-भरे तटों से किस्मत की तलाश में पलायन करता है। विदेश में भूमि. द गोट लाइफ अकादमी पुरस्कार विजेता ए.आर. द्वारा संगीत निर्देशन और ध्वनि डिजाइन का दावा करता है। रहमान और रेसुल पुक्कुट्टी क्रमशः।

विजुअल रोमांस द्वारा निर्मित, द गोट लाइफ 10 अप्रैल, 2024 को हिंदी, मलयालम, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ में सिनेमाघरों में आएगी।

# 6 घंटे तक चली मैराथन बैठक में लिया गया बड़ा फैसला

## भर्ती एवं नियुक्ति प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं...दोषी पाए जाने पर होगी कठोर कार्यवाहीः मंत्री बृजमोहन अग्रवाल

- » अब छत्तीसगढ़ में बनेगा शिमला मनाली के तर्ज पर मॉल रोड,पर्यटन के विकास और प्रचार-प्रसार के निर्देश
- » सीए,सीएस,बैंकिंग,रेलवे समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के निःशुल्क कोचिंग की होगी व्यवस्था
- » 12 वीं तक के प्रत्येक विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक देने की तैयारी के दिए निर्देश
- » 9 वीं के सभी वर्ग के बालक-बालिकाओं को मिलेगा अब निःशुल्क सायकल

**रायपुर,04 जनवरी 2024(ए)।** देर शाम 6 घंटे तक महानदी भवन मंत्रालय में चली अपनी पहली ही मैराथन बैठक में स्कूल शिक्षा,उच्च शिक्षा,पर्यटन,संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदेश हित में बे निर्णय लिए। इन निर्णयों में राजिम में कुंभ मेले को भव्य तरीके से मनाने के साथ ही प्रदेश की विरासत सिरपुर को वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल करने के साथ ही छत्तीसगढ़ में मैनपाट,चैतुरगे जैसे हिल स्टेशन में शिमला,मनाली के तर्ज पर मॉल रोड बनाया जाएगा, जिससे बड़ी संख्या में टूरिस्ट प्रदेश के सुंदर अद्भुत नजारों को आनंद आधुनिक सुविधाओं के साथ ले सकें। इसके साथ ही कक्षा 9 वीं में सभी वर्ग के बच्चों को स्कूल में निःशुल्क सायकल तथा 12 वीं तक पाठ्य पुस्तकों के निःशुल्क वितरण के भी निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु पिल्ले,उच्च शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व सचिव पी. अंबलगन,स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के सचिव एवं संचालक राजेश सिंह राणा, लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक सुनील जैन, समग्र शिक्षा प्रबंध संचालक श्रीमती इफ्फत आरा,छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के सचिव वी.के. गोयल एवं उच्च शिक्षा आयुक्त श्रीमती शारदा वर्मा, राज्य पर्यटन प्रबंध संचालक जितेन्द्र शुक्ला, विभाग के प्रमुख अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### भव्य तरीके से आयोजित होगा राजिम कुंभ मेला

श्री अग्रवाल ने सिरपुर को वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल कराने के लिए जरूरी प्रयास करने एवं राजिम कुंभ मेला की तैयारी के संबंध में जानकारी लेकर इसके आयोजन को भव्य बनाने की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। श्री अग्रवाल ने राजिम मंदिर के चारों ओर परिक्रमा पथ बनाने की बात कही है। उन्होंने अधिकारियों को राज्य के मेला महोत्सव को बढ़ावा देने के निर्देश भी जारी किए हैं, ताकि मेला को पर्यटन की तर्ज पर बढ़ावा मिल सके। उन्होंने पर्यटन के प्रचार-प्रसार और विकास को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि हम छत्तीसगढ़ में मैनपाट जैसे हिल स्टेशन वाले शहरों में शिमला,मनाली के तर्ज पर मॉलरोड बनाएंगे। सरगुजा के रामगढ़ और चैतुरगढ़ जैसे स्थानों का विकास हिल स्टेशन के रूप में करेंगे ताकि यहां राज्य के साथ-साथ राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को लुभा सके। श्री अग्रवाल ने पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राज्य के सभी पर्यटन स्थलों एवं मेले महोत्सवों के विकास पर विशेष ध्यान दें।

### सिरपुर को वर्ल्ड हेरिटेज साइट पर शामिल कराने की तैयारी

मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हम प्रदेश में पर्यटन को उद्योग का दर्जा देकर व्यवसायों को बे ावा देंगे और रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगे।



उन्होंने कहा कि हम 'छत्तीसगढ़ राज्य मार्केटिंग सेल' की स्थापना कर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन में राज्य की छवि को बेहतर कर राज्य की पर्यटन क्षमता को बे ाने का काम करेंगे।

उन्होंने घोषणा पत्र में शामिल 'प्रदेशवासियों को श्री रामलला दर्शन' कराने के लिए अधिकारियों को निश्चित कार्ययोजना बनाने के लिए आईआरसीटीसी एवं बस ट्रांसपोर्ट्स, होटल मैनेजमेंट आदि की तैयारी करने और राम वन गमन परिपथ योजना के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए हैं।

### भर्ती प्रक्रिया में कोताही बर्दाश्त नहीं

मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में बेहतर शिक्षा प्रदान करना हमारा मकसद है। हमारी सरकार किसी भी योजना को लेकर पूर्वाग्रह से कार्य नहीं करेगी। व्यवस्था पहले से बेहतर और स्थाई हो ताकि विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल हो, इसी सोच के साथ हम आगे बढ़ेंगे। श्री अग्रवाल ने विभागों की भर्ती एवं नियुक्ति प्रक्रिया पारदर्शी रखने के संबंध में सख्त हिदायत दी और कहा किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,यदि ऐसा हुआ तो दोषी पाए जाने पर कठोर कार्यवाही होगी। शिक्षा विभाग में पिछली भर्ती में बचे हुए चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की प्रक्रिया को भी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

### 9 वीं कक्षा में सभी वर्ग के विद्यार्थियों को मिलेगी निःशुल्क सायकल

स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि अब 9वीं के सभी वर्ग के बालक-बालिकाओं को उच्च गुणवत्ता के सायकल निःशुल्क वितरित किए जाएंगे तथा स्कूलों में एयर-पम्प की व्यवस्था भी की जाएगी। श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को 12वीं तक के प्रत्येक विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ निःशुल्क पाठ्य पुस्तक भी देने की तैयारी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल के निर्माण और मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो, सभी निर्माण कार्य समय-सीमा में पूरे हों। इस बैठक में मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना के तहत अनुसूचित जाति जनजाति के मेधावी छात्रों नियमित कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा में मेरिट स्थान पर प्रोत्साहन राशि 15 हजार रूपए से बढ़ा कर 25 हजार रूपए करने का निर्णय भी लिया गया।

### मेरिट के आधार पर शिक्षकों की होगी पोस्टिंग

श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अब राज्य में सीए, सीएस,बैंकिंग,रेलवे के साथ-साथ सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्ता पूर्ण निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था होगी। हम सैनिक स्कूल को बे ावा देंगे जिससे शिक्षा एवं रोजगार में विस्तार हो सके। शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को ये भी निर्देश दिया कि नई नियुक्तियों में ध्यान दे कि शिक्षकों की पोस्टिंग मेरिट के आधार पर आस-पास के जिले में ही हो, जिससे वे पूरी दक्षता के साथ शासकीय दायित्वों का निर्वहन कर सकें। साथ ही हर महीने सभी अधिकारी-कर्मचारियों का वेतन निश्चित अवधि में प्राप्त हो।

### राज्य के पूर्व स्थापित 100 कॉलेजों में अंग्रेजी माध्यम के सेक्शन खोलने की कार्ययोजना बनाने का दिया निर्देश

उच्च शिक्षा विभाग के समीक्षा बैठक लेते हुए श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को कार्यों में तीव्रता लाने के स्पष्ट निर्देश दिए और कहा कि किसी भी फाइल को अधिकारी अपने पास 7 दिन से अधिक न रोकें,ऐसा होने पर उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। श्री अग्रवाल ने रिक्त पदों के लिए भी 7 दिवसों के भीतर भर्ती नियम बनाने और विभागों को जल्द सेटअप रिवीजन करने के निर्देश भी दिए हैं ताकि पदोन्नति,भर्ती,नियुक्ति,ट्रांसफर और सेटअप सब निर्धारित समय-सीमा के भीतर हो जाए। श्री अग्रवाल ने उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को विश्वविद्यायलों के ग्रैडिंग सुधारने,रिक्त पदों को भरने,कॉमर्स और विज्ञान संकाय को बढ़ावा देने की भी बात कही। साथ ही महाविद्यालयों में बीएससी पाठ्यक्रम में कृषि विज्ञान को सम्मिलित करने की तैयारी का निर्देश दिया। कॉलेजों में सामान्य शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक, नैतिक व आध्यात्मिक शिक्षा को भी बढ़ावा देने पर जोर दिए। अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीएसआर के तहत कॉलेजों के लिए फंड जुटाएं और बेहतर व्यवस्था देने का प्रयास करें। धन के अभाव में जो विद्यार्थी कॉलेज नहीं आ पाते हैं उन्हें सरकार बस का किराया या पास उपलब्ध कराने की तैयारी के भी अधिकारियों को निर्देश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### गौरव सिंह ने रायपुर कलेक्टर का पदभार संभाला



**रायपुर,04 जनवरी 2024(ए)।** देर रात हुए प्रशासनिक फेरबदल के बाद रायपुर जिले के नए कलेक्टर गौरव सिंह ने आज पदभार संभाल लिया। निवर्तमान कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे ने उन्हें जिम्मेदारी सौंपते हुए बधाई दी।

### अविनाश मिश्रा नगर निगम के नए आयुक्त

इसी तरह से नगर निगम के नव नियुक्त आयुक्त अविनाश मिश्रा ने भी आज सुबह निगम मुख्यालय जाकर में अपना पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने एकतरफा पद संभाला। इस अवसर पर निगम के अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल और उपायुक्त कृष्णा खटीक भी मौजूद थे।

### मयंक श्रीवास्तव ने संभाला जनसंपर्क आयुक्त का पदभार



**रायपुर,04 जनवरी 2024(ए)।** आईपीएस मयंक श्रीवास्तव ने आज जनसंपर्क आयुक्त का पदभार संभाल लिया है। बीजेपी की सरकार बनने के बाद सालों तक लूप लाइन में रहे मयंक श्रीवास्तव ने शानदार वापसी की है। मयंक श्रीवास्तव अभी अग्निशमन, आपातकालीन सेवाएं,एसडीआरएफ के निदेशक थे। मयंक श्रीवास्तव मूल रूप से यूपी के रहने वाले हैं। मयंक श्रीवास्तव ने बतौर आईपीएस कई अहम जिलों की कमान संभाली है।

### टंकराम वर्मा ने किया पदभार ग्रहण



**रायपुर,04 जनवरी 2024(ए)।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने आज महानदी भवन मंत्रालय में पदभार ग्रहण कर लिया। श्री वर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ पदभार संभाला। इस दौरान उनके परिवारजन भी मौजूद रहे।

# 88 आईएएस और 1 आईपीएस के तबादले पर सरकार का दावा

» **अफसरों का विभाग बदला, यह कार्रवाई नहीं**

**रायपुर,04 जनवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन होते ही अफसरों के फेरबदल का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने 88 आईएएस और एक आईपीएस के तबादले की लिस्ट जारी की है। इनमें कई जिलों के कलेक्टर और संभागायुक्त शामिल हैं।

जिसमे 19 जिलों के कलेक्टर के पदस्थापना क्षेत्र में भी बदलाव किया गया है। कल कैबिनेट की बैठक संपन्न होने के बाद देर रात जीएडी ने यह लिस्ट जारी की हैं। सरकर के गठन के बाद इस फेरबदल के कयास लगाए जा रहे थे।



वहीं इस पूरे तबादले पर साय सरकार के वाणिज्य, श्रम व उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने मीडिया से चर्चा की हैं। उन्होंने दावा किया है कि यह फेरबदल प्रशासनिक कसावट के मद्देनजर किया गया हैं। सरकार ने किसी अफसर पर कार्रवाई नहीं की है। इस फेरबदल से कामकाज में तेजी आएगी, सरकारी कार्य में कसावट आएगी। सभी के बीच बेहतर तालमेल देखने को मिलेगा और जनता की सेवा भी बेहतर तरीके से होगी।

### नहीं टिकेगी कांग्रेसः लखनलाल देवांगन

कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने आज दिल्ली में होने जा रहे एआईसीसी की बैठक पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कांग्रेस पूरे देश से समाप्त हो रही। मोदी के सामने कांग्रेस टिकने वाली नही है। कांग्रेस कितनी बैठक कर ले, उनका नामो निशान मिटने वाला है।

### विधानसभा के द्वितीय सत्र की अधिसूचना जारी

**5 फरवरी से शुरू होगा बजट सत्र,कुल 20 बैठकें होंगी**



**रायपुर,04 जनवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के छठवीं विधानसभा के द्वितीय सत्र की अधिसूचना जारी की गई है, यह बजट सत्र 5 फरवरी से 1 मार्च तक चलेगा, जिसमे कुल 20 बैठकें होंगी। सत्र की शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी। वित्तीय कार्य के साथ अन्य शासकीय कार्य होंगे। साय सरकार अपना पहला बजट पेश करेगी।

# बीजेपी सरकार में पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश की सौगात

**रायपुर,04 जनवरी 2024(ए)।** राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ के पुलिसकर्मियों को बड़ी खुशखबरी दी है। गृह मंत्री विजय शर्मा ने पुलिसकर्मियों के साप्ताहिक अवकाश के लिए रोस्टर लागू करने को कहा है। डिप्टी सीएम ने बैठक के बाद मीडिया से कहा कि, आरक्षक और प्रधान आरक्षक साथी है, उनके साथ भी बहुत सारी तकलीफें हैं। उनकों साप्ताहिक अवकाश भी सुनिश्चित हो।



बता दें कि बुधवार की देर रात पुलिस मुख्यालय में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश देने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा गृह मंत्रालय संभालने के बाद 3 जनवरी बुधवार को पहली बार पुलिस मुख्यालय पहुंचे। हालांकि कोई भी गृह मंत्री प्रभार ग्रहण करने के बाद एक बार पुलिस मुख्यालय का भ्रमण करने जाता है और यह पूर्णतः औपचारिक होता है। मगर विष्णुदेव सरकार के गृह मंत्री विजय शर्मा का यह दौरा अलग रहा। वे ठीक 10 बजे पुलिस मुख्यालय पहुंच गए थे और पूरे चार घंटे अधिकारियों के साथ विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उनकी दिलचस्पी से पुलिस अधिकारी भी हैरान थे। क्योंकि इससे पहले कोई गृह मंत्री पुलिस सिस्टम को समझने में कभी रुचि नहीं दिखाई। बहरहाल, विजय शर्मा ने तीन बिंदुओं पर चर्चा की। क्राईम, ट्रेनिंग और प्लानिंग। सबसे अधिक उनका जोर रहा पुलिस भर्ती का शेड्यूल तैयार करने पर।

## कांग्रेस की हार पर शैलेष नितिन त्रिवेदी का फूटा दर्द

# हम चुनाव भाजपा से नहीं,इवीएम से हारे

**बलौदाबाजार,04 जनवरी 2024(ए)।** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली हार का दर्द गाहे-बगाहे सामने आते रहता है। ताजा प्रकरण बलौदाबाजार विधानसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी शैलेष नितिन त्रिवेदी का है, जिन्होंने अपना दर्द साझा करते हुए कहा कि कांग्रेस प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा से नहीं, बल्कि इवीएम से हारी है।

शैलेष नितिन त्रिवेदी ने गुरुवार को बलौदाबाजार में मीडिया से रू-ब-रू हुए। इस दौरान उन्होंने हार की ठीकरा इवीएम पर फोड़ते हुए कहा कि इसके विरोध में सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष तथ्यों एवं प्रमाणों के साथ पूरी जानकारी भेजी जा रही है, जिससे भाजपा यह षड़यंत्र लोकसभा चुनाव में दोबारा दोहरा ना सके।

उन्होंने कहा कि मैं निर्वाचन व्यय पत्रक प्रस्तुत करने और स्वीकृत होने की अर्थात चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने की प्रतीक्षा कर रहा था। इस बीच लगातार जनता के बीच जा रहा हूं। इसमें स्पष्ट रूप से यह बात सामने आ रही है कि हम भाजपा से नहीं,बल्कि इवीएम से चुनाव हारे है। केवल बलौदा बाजार में ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ में अनेक चिंहित विधानसभा क्षेत्रों में,मध्यप्रदेश और राजस्थान के विधानसभा चुनावों में लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ हुआ है, जनभावनाओं का निरादर हुआ है।




त्रिवेदी ने बलौदाबाजार के साथ-साथ रायपुर जिला के अंतर्गत तिल्दा ब्लॉक में कांग्रेस और भाजपा के मतों के अंतर को समझ से परे बताते हुए कहा कि निश्चित रूप से पूरे रायपुर जिले में सभी इवीएम में छेड़छाड़ की गई है। इसके साथ उन्होंने तिल्दा नेवरा स्थित कोहका कॉलेज में अस्थाई रूप से बनाए गए स्ट्रांग रूम की जानकारी नहीं दिए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस स्थान से इवीएम मशीनों को मतदान के पश्चात् बलौदाबाजार जिला तक ट्रक से वापस लाने की भी जानकारी नहीं दी गई।

कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को अस्थाई स्ट्रांग रूम का अवलोकन करने से रोके जाने बात कहते हुए शैलेष नितिन ने आरोप लगाया कि जिलेवार आए परिणामों से स्पष्ट है कि जिलेवार इवीएम मशीनों को किसी पार्टी या प्रत्याशी को जिताने के लिए सुनियोजित तरीके से सेट किया गया हो। उन्होंने अमेरिका, जर्मनी, नीदरलैण्ड, जैसे देशों में इवीएम की बजाए बैलेट पेपर के जरिए चुनाव कराए जाने की जानकारी देते हुए कहा कि चुनाव की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी हो, इसके लिए प्रत्येक नागरिक को अपने दिए गए वोट सही जगह गिना जाए और प्रमाण योग्य प्रक्रिया से हो।


# हाईकोर्ट में अब बिना मास्क व सैनिटाइजर के नहीं मिलेगी एंट्री

## छत्तीसगढ़ में फिर दिखने लगा कोरोना का खौफ

**बिलासपुर,04 जनवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ समेत देशभर में कोरोना का ग्राफ फिर बढ़ने लगा है। साथ ही कोरोना का डार एक बार फिर लोगों में देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश में बढ़ते हुए कोरोना के केसों को देखते हुए कोरोना गाइडलाइन का पालन अदालत में अनिवार्य कर दिया गया है। दरअसल अब छत्तीसगढ़ की अदालतों में बिना मास्क व सैनिटाइजर के प्रवेश नहीं मिलेगा। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने इस बाबत आदेश भी जारी कर दिए हैं। जिसमें सभी पक्षकारों वकीलों कर्मचारियों अधिकारियों को कोरोना गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कोरोना के नए वेरिएंट के बारे में अब तक वैज्ञानिक पता नहीं लगा पाए हैं।



कोरोना से बचने के लिए सावधानी ही एक उपाय है जिसके चलते हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने निर्देश जारी किए हैं।हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा के निर्देश पर रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी आदेश के तहत हाईकोर्ट के साथ ही जिला अदालतों में मास्क पहन कर आने सैनिटाइजर और सोशल डिस्टेंसिंग जैसी गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश जारी किए गए है। यह आदेश सभी न्यायिक अधिकारियों कर्मचारी पक्षकारों व अदालतों में प्रवेश के इच्छुक सभी लोगों पर लागू होगा। रजिस्ट्रार जनरल के इस आदेश से अदालतों में एक बार फिर मास्क, सैनेटाइजर की वापसी हो गई है। इस आदेश के बाद कोर्ट परसों में आने वाले लोगों को बिना मांस के एंट्री नहीं मिलेगी।




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)